आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675
जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक
www.hukmnamasamachar.com
www.Lokvarta.net

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 248 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8
जोधपुर, रविवार, 31 मई, 2026



60 से 80 की स्पीड से चली हवा, दिन में छाया अंधेरा

# प्रदेश के कई जिलों में 'रेतीला तूफान'



## जयपुर में ओले गिरे

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नौतपा की भीषण तपिश के बीच शनिवार को राजस्थान के मौसम ने अचानक ऐसा रौद्र रूप दिखाया कि कई जिलों में दिन में ही रात जैसा अंधेरा छा गया। पाकिस्तान सीमा क्षेत्र से उठे रेतीले तूफान ने श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू और सीकर जिलों को अपनी चपेट में ले लिया। 60 से 80 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली आंधी के साथ उठे धूल के विशाल गुबार ने करीब 200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को प्रभावित किया। सबसे पहले हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर क्षेत्र में रेतीले तूफान का असर दिखाई दिया, जिसके बाद यह तेजी से बीकानेर, चूरू और सीकर तक फैल गया। तूफान इतना तेज था कि दिन के उजाले में भी वाहनों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। कई स्थानों पर दृश्यता बेहद कम हो गई और लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा।

## अजमेर-जोधपुर में बारिश



**दिन में रात जैसा नजारा** बीकानेर में दोपहर के समय ऐसा दृश्य देखने को मिला मानो रात हो गई हो। आसमान धूल के घने गुबार से ढक गया और कई मिनटों तक सूर्य दिखाई नहीं दिया। चूरू जिले के सरदारशहर क्षेत्र में तेज आंधी के कारण घरों के भीतर तक रेत भर गई।

**पेड़ उखड़े, बिजली व्यवस्था प्रभावित** तूफान के प्रभाव से कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। अनेक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हुई। राहत की बात यह रही कि समाचार लिखे जाने तक किसी जनहानि की सूचना नहीं मिली थी।

**अजमेर और जोधपुर में भी बदला मौसम** अजमेर संभाग में बादलों की आवाजाही और हल्की बारिश के कारण मौसम सुहाना बना रहा। वहीं जोधपुर संभाग में भी तेज हवाओं और बादलों के कारण गर्मी का असर कम हुआ है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में इन क्षेत्रों में भी आंधी और बारिश की संभावना जताई है।

### अगले कुछ दिन सक्रिय रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसम प्रणालियों के प्रभाव से अगले चार से पांच दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी, मेघगर्जन और बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

### मानसून को लेकर भी राहत भरी खबर

मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले सात दिनों के भीतर केरल तट पर पहुंच सकता है। हालांकि विभाग ने इस वर्ष देश में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना भी जताई है। जून से सितंबर के बीच देश में औसतन 78 सेंटीमीटर वर्षा होने का अनुमान है, जबकि सामान्य औसत 87 सेंटीमीटर माना जाता है।

### देश के अन्य राज्यों में भी मौसम का असर

हिमाचल प्रदेश के 10 जिलों में आंधी, बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है। वहीं उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### बंगाल में अभिषेक बनर्जी से मारपीट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सोनारपुर दक्षिण में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी से शनिवार शाम को मारपीट हुई है। वे यहां चुनावी हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे।आरोप है कि वहां पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। लोगों ने उन पर पत्थर, जूते और अंडे फेंके, उनकी शर्ट फाड़ दी। अभिषेक को हेलमेट पहनाकर वहां से निकाला गया।

### पंजाब कांग्रेस की बैठक में तीखी नोक झोंक

**नई दिल्ली।** पंजाब नगर निकाय चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें वरिष्ठ नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। इससे राज्य इकाई के भीतर के मतभेद खुलकर सामने आ गए, क्योंकि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुट गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे के आवास पर आयोजित इस उच्च स्तरीय रणनीति बैठक में राहुल गांधी, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और पंजाब के प्रमुख नेता उपस्थित थे। पार्टी के नगर निगम चुनाव प्रदर्शन पर चर्चा जल्द ही विवादों में घिर गई।

## भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार-आर्मी चीफ




**पुणे/दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। फिलहाल संघर्ष विराम जैसी स्थिति है। जरूरत पड़ी तो तीनों सेनाएं 'ऑपरेशन सिंदूर 2.0' के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आर्मी चीफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बेंचमार्क सेट कर दिया है कि भारत किसी भी उकसावे पर कैसे जवाब देता है। आज पास होने वाले अफसर अपने करियर की शुरुआत से ही इस बेंचमार्क को बनाए रखें। आर्मी चीफ पुणे के खड़कवासला में शनिवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का 150वीं पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। उन्होंने 355 कैडेट अफसरों की परेड की सलामी ली। इस दौरान कैडेट्स ने मार्च पास्ट किया। एयरफोर्स के फ्लाईपास्ट में सुखोई, चेतक हेलिकॉप्टर, सारंग हेलिकॉप्टर एरोबेटिक्स टीम और आकाशगंगा स्काईडाइविंग टीम ने हिस्सा लिया।

**सेना प्रमुख के नए अफसरों को मैसेज** आधुनिक युद्ध पारदर्शी हो गया है। 24 घंटे हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है। ऐसे में सैनिकों की तैनाती, ऑपरेशन और बॉर्डर के पास बसे नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहने की जरूरत है। जीत हमेशा दिमाग में होती है।

## दिल्ली में आईएसआई-दाऊद नेटवर्क से जुड़े 9 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इुस्इ और दाऊद इब्राहिम के अंडरवर्ल्ड नेटवर्क से जुड़े 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार, ग्रेनेड और विस्फोटक मिले हैं। पुलिस ने बताया कि ये लोग बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। इनके निशाने पर दिल्ली, मुंबई के प्रमुख धार्मिक स्थल, सरकारी इमारतें, मंत्रालय और सुरक्षाबल थे। जांच के मुताबिक यह आतंकी मॉड्यूल लंबे समय से तैयार किया जा रहा था। आरोपी पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स से भी संपर्क में थे। न्यूज एजेंसी एएनआई ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया कि आरोपी दिल्ली, मुंबई और पंजाब के हैं।

## पारदर्शिता चुनाव आयोग की पहचान : ज्ञानेश कुमार



**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने शनिवार को कहा कि कुछ लोगों द्वारा नकारात्मक या झूठी बातें फैलाए जाने के बावजूद पारदर्शिता चुनाव आयोग की पहचान है। हर मतगणना अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित चुनाव नतीजों की पारदर्शिता को वैश्विक स्तर पर सराहना मिली है और कई देश भारत के चुनावी कानूनों को अपना रहे हैं।

उक्त बातें उन्होंने चुनाव अधिकारियों की एक कॉन्फ्रेंस में कहीं. साथ ही उन्होंने कहा कि भारत में चुनाव संविधान, चुनावी कानूनों और चुनाव आयोग के पारदर्शी आदेशों के मुताबिक ही संपन्न होते हैं. लोकसभा चुनावों के दौरान आयोग 1.8 करोड़ लोगों को तैनात करता है, जो निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों के साथ पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हैं।

# जन भागीदारी से जन आंदोलन बना 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026'

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आह्वान पर प्रदेशवासियों ने निभाई सक्रिय सहभागिता



फाईल फोटो

**5 दिन में हुए 7.31 लाख कार्यक्रम लगभग 3 करोड़ लोगों ने निभाई भागीदारी**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' जन आंदोलन का स्वरूप लेता जा रहा है। अधिकमास में गंगा दशमी (25 मई) के पावन अवसर पर शुरू हुए प्रदेशव्यापी अभियान के 5 दिन में ही लगभग 3 करोड़ नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी दर्शाई। अब तक 7.31 लाख से अधिक स्थानों पर जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने टोंक के बीसलपुर बांध, भरतपुर के बंध बरेठा बांध और सुजान गंगा पर जल-पूजन व दीपदान कर अभियान का शुभारंभ किया था। इसके बाद से अभियान गांव-गांव तक पहुंच गया है। शहर, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन कुओं, बावड़ियों, तालाबों एवं अन्य जल स्रोतों की सफाई, श्रमदान, वर्षा जल संग्रहण, जल चौपाल, प्रभात फेरी, कलश यात्रा आदि कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभा रहे हैं।

### 'आधी आबादी' की बराबर की भागीदारी

अभियान में 29 मई तक 7 लाख 31 हजार 421 कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 92 हजार 150 जल स्रोतों और 42 हजार 15 सरकारी भवनों की सफाई, 52 हजार 934 स्थानों पर श्रमदान एवं हरियालो राजस्थान अभियान में पौधारोपण के लिए 36 हजार 822 पिट खोदना शामिल है। वहीं, 8 हजार 642 नवीन विकास कार्य प्रारंभ करने के अलावा 21 हजार 410 पूर्ण कार्यों का अवलोकन एवं लोकार्पण किया जा चुका है। इसके अलावा 32 हजार 437 कलश यात्राएं, 13 हजार 886 जल चौपाल एवं प्रभात फेरी, 12 हजार 669 ग्राम सभाएं तथा 4 हजार 215 बैठक एवं सेमीनार आयोजित किए जा चुके हैं। इसी प्रकार 4 लाख 13 हजार 910 स्थानों पर पूजन, नुक्कड़ नाटक एवं प्रतियोगिताओं जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

### जल सेवा के साथ मनाया जाएगा नो प्लास्टिक डे

**अभियान के तहत 31 मई को वंदे गंगा प्रभात फेरी, वंदे गंगा रैली, साइकिल रैली, श्रमदान, वंदे गंगा जल सेवा, जल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकालना, पशु खेलियों, बावड़ियों की साफ-सफाई, परिंडे बांधना, जल स्रोतों की सफाई-मरम्मत के कार्य व दीप प्रज्वलन, महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, प्लास्टिक कचरे का निष्पादन करते हुए नो प्लास्टिक-डे मनाया जाएगा।**

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

नौतपा से सहमें थे सब, तापमान में थी तेजी
घर में सब दुबके हुए थे, हो रखे थे सब लेजी
मौसम ने पलटी खाई, ओला बारिश का खेल
नौतपा की गर्मी बदली, देखो कैसे सिस्टम फेल


..मुखिया जी

## ट्रम्प की बेटी टिफनी ने पति के साथ ताजमहल देखा



**नक्काशी देखकर चौंकीं, पूछा-इतना सुंदर मार्बल कहां से आया**

**आगरा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी टिफनी अपने पति माइकल बॉऊलोस के साथ शनिवार को आगरा पहुंचीं। दोनों ने करीब एक घंटे ताजमहल परिसर में बिताए। ताजमहल की खूबसूरती देखकर टिफनी काफी खुश नजर आईं। उन्होंने गाइड रमेश दीवान से पूछा- ताजमहल में जो मार्बल लगे हैं, वां कहां से लाए गए। इसकी इतनी सुंदर नक्काशी कैसे की गई। रमेश ने जवाब दिया कि संगमरमर कहीं से लाए नहीं गए। ये भारत के ही हैं। नक्काशी में प्रयोग हुए स्टोन के बारे में बताया कि स्टोन भारत के अलावा अफ्रीका, यमन जैसे देशों से मंगाए गए थे। टिफनी और माइकल डायना बेंच के पास पहुंचे। एक-दूसरे का हाथ थामकर तस्वीरें खिंचवाईं। दोनों ने अलग-अलग पोज में फोटोज क्लिक करवाईं। उन्होंने अपने स्टाफ के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई।



### डोनाल्ड ट्रंप की बेटी आज जैसलमेर आएंगी

**जैसलमेर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की छोटी बेटी टिफनी ट्रंप अपने पति माइकल बोलस के साथ रविवार को राजस्थान के जैसलमेर पहुंचेंगी। यह शाही जोड़ा चार्टर प्लेन से सीधे जैसलमेर पहुंचेगा। उनके इस हाई-प्रोफाइल और निजी दौरे को देखते हुए पर्यटन नगरी में सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## केंद्र सरकार ने 1 जून से 30 अक्टूबर तक कपास के आयात पर सभी सीमा शुल्क किए माफ



**नई दिल्ली।** मौजूदा भू-राजनीतिक तनावों के बीच सरकार ने शनिवार को घोषणा की कि भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से 1 जून से 30 अक्टूबर तक कपास के आयात पर सभी सीमा शुल्कों में अस्थायी छूट दी जाएगी। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, इस अस्थायी शुल्क छूट से वस्त्र और परिधान क्षेत्र की उत्पादन लागत कम होने की उम्मीद है। इससे निर्माताओं और उपभोक्ताओं दोनों को राहत मिलेगी, साथ ही घरेलू किसानों के हितों का भी ध्यान रखा जाएगा। सरकार का मानना है कि इस कदम का घरेलू वस्त्र उद्योग, विशेषकर लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और बाजार में कपास की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के कपास क्षेत्र में उत्पादन संबंधी बाधाओं, धीमी वृद्धि और गुणवत्ता संबंधी चुनौतियों को दूर करने के लिए 'कपास उत्पादकता मिशन' (2026-27 से 2030-31) के लिए 5,659.22 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी थी।

# पुरातन जल स्रोतों के संरक्षण के लिए जन भागीदारी जरूरी - कुमावत

## प्रभारी मंत्री कुमावत ने रानीगांव एवं लुणु खुर्द में श्रमदान एवं पौधारोपण कार्यक्रम में शिरकत की

**बाड़मेर, (हुक्मनामा समाचार)।** पुरातन जल स्रोतों के संरक्षण के लिए जन भागीदारी जरूरी है। ताकि हम भावी पीढ़ी के लिए जल की सौगात को बचाकर रख सके। इसके लिए वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के जरिए आमजन में जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। पशुपालन एवं बाड़मेर जिले के प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने शनिवार को रानीगांव एवं लुणु खुर्द में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह बात कही।

प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि तालाब, एनीकट, बेरियों एवं कुओं जैसे पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों की इस विरासत को बचाकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि खेत का पानी खेत में, घर का पानी घर में और गांव का पानी गांव में रोकने की व्यवस्था विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने लोहारी नाडी को मॉडल तालाब के रूप में विकसित करने की बात कही। मरुस्थलीय क्षेत्र में बढ़ते तापमान पर चिंता जताते हुए प्रभारी मंत्री कुमावत ने अधिकाधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने पशुपालन विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति एक साल के एक पौधा आवश्यक रूप से लगाए। चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल ने कहा कि राज्य सरकार आमजन के विकास के लिए तत्पर है। बाड़मेर जिले को सड़क, पानी, बिजली के साथ बड़ी तादाद में ग्राम पंचायतों का तोहफा दिया गया है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ विरासत जिंदा रहें। इसके लिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी को टांको में सहेज कर रखने की परम्परा को जिंदा रखें। विधायक मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने के लिए अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। समाजसेवी अनंतराम विश्नोई ने कहा कि जल संरक्षण के लिए आमजन को सकारात्मक पहल करनी होगी। पानी की एक-एक बूंद को बचाकर हम जल संरक्षण के लिए बेहतरीन कार्य कर सकते है। उन्होंने कहा कि अगर नल से एक बूंद टपकती है तो एक साल में 11 हजार लीटर पानी की बर्बादी होती है। उन्होंने कहा कि हमारी सदियों से पानी बचाने की परम्परा रही है, इसको कायम रखने की जरूरत है।

# जिला कलक्टर ने किया सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण

## जिला कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं, मौके पर कई प्रकरणों का निस्तारण

**बाड़मेर, (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने शनिवार को सेड़वा उपखंड क्षेत्र में विभिन्न सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने जन सुनवाई करते हुए आमजन की परिवेदनाएं सुनी। जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने सेड़वा उपखंड क्षेत्र के दौरे के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तहसील एवं उपखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने सीएचसी सेड़वा के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना सहित चिकित्सा विभाग की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज विश्नोई ने स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अवगत कराया। जिला कलक्टर ने हीट वेव की स्थिति में चिकित्सा प्रबंधन का अवलोकन किया और खराब कूलर, पंखे और एसी आगामी तीन दिवस में दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान भामाशाह के जन सहयोग से बायो केमिस्ट्री एनालाइजर लगाने, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम के लिए स्टोरेज स्टेशन चिह्नित करने, एसएनसीयू स्टेबलाइजर के लिए रेडियंट वार्मर, फोटो थैरेपी लगाने, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के लिए आयरन टेबलेट का फील्ड स्टाफ से वितरण सुनिश्चित करने और उनका ऑनलाइन डेटा संधारण के निर्देश प्रभारी पंकज विश्नोई को दिए गए। उन्होंने तहसील कार्यालय सेड़वा के निरीक्षण के दौरान राजकीय भूमियों पर अतिक्रमण, अवैध निर्माण, इंडो-पाक बॉर्डर क्षेत्र से लगते गांवों सहित सम्पूर्ण क्षेत्र में कानून व्यवस्था, पत्थरगढ़ी, नामान्तरकरण, सीमाज्ञान, राजस्व न्यायालय के बकाया विभाजन प्रस्ताव, कब्जा बेदखली, राजस्व वसूली और जन सुनवाई के प्रकरणों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश नायब तहसीलदार महेंद्रसिंह राजपुरोहित को दिए। जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने न्यायालय उपखंड अधिकारी सेड़वा में लंबित पुराने प्रकरणों का समय पर न्यायोचित निस्तारण करने के निर्देश एसडीओ सेड़वा बद्रीनारायण विश्नोई को दिए।

# हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर बालोतरा में भव्य आयोजन

## पत्रकारों ने मनाया हिंदी पत्रकारिता दिवस




**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बालोतरा प्रेस क्लब संस्थान एवं आईएफडब्ल्यूजे के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी पत्रकारिता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पत्रकारों ने समाजसेवा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली परंपरा को याद किया।

क्लब के सचिव बंशीलाल चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत पत्रकारों ने पक्षियों के संरक्षण एवं भीषण गर्मी में उन्हें राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाए। इसके बाद शहर स्थित सोमनाथ मंदिर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं आईनाथ गोशाला में गायों को गुड़ वितरित कर गौसेवा का कार्य भी किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने पिछले दो सौ वर्षों में समाज को जागरूक करने, लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और जनसरोकारों की आवाज को बुलंद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पत्रकारिता केवल समाचारों का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और शासन के बीच एक सशक्त सेतु है। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होना पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। पत्रकारों ने संकल्प लिया कि वे निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक उसकी आवाज पहुंचाने का कार्य निरंतर करते रहेंगे। कार्यक्रम में बालोतरा प्रेस क्लब अध्यक्ष भवदीप सिंह चारण, आईएफडब्ल्यूजे जिलाध्यक्ष करनाराम मांजू, बालोतरा प्रेस क्लब सचिव बंशीलाल चौधरी, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह खारवाल, अनिल वैष्णव, सदाशिव सलुन्दिया, स्वरूप सिंह सोढ़ा, मयंक अवस्थी, सवाई सैन, कैलाशपुरी गोस्वामी, विरम देवासी, मुकेश राठौड़, विकास माली, रामलाल बोराणा, लालाराम प्रजापत सहित बड़ी संख्या में पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में गूंजा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

## मनमोहक झांकियों व भजनों से भक्तिमय हुआ वातावरण



**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** सत्संग सेवा समिति द्वारा महालक्ष्मी कटला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के चौथे दिवस शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक अमृतवाणी सत्संग मंडल (वेद भवन) द्वारा अमृतवाणी पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान चंपालाल गुचीया का सूरजमल नागल द्वारा साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया, वहीं श्रीमती किशन प्यारी कला को सोल ओढ़ाकर सम्मानित कर आशीर्वाद प्रदान किया गया।

श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिवस कथावाचक गुरु मां संत तारा देवी ने अंबरीष चरित्र, भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव तथा भगवान श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि संसार में कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है। भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, जबकि भगवान श्रीकृष्ण लीला अवतारी स्वरूप हैं।

गुरु मां ने बताया कि जब पृथ्वी पापियों के भार से व्याकुल हो उठी, तब सभी देवताओं ने ब्रह्माजी एवं भगवान शिव के साथ क्षीरसागर में भगवान विष्णु की स्तुति की। तब भगवान श्रीहरि ने देवताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे वासुदेव एवं देवकी के पुत्र के रूप में श्रीकृष्ण अवतार धारण करेंगे तथा नंद बाबा और माता यशोदा के घर अपनी बाल लीलाएं करेंगे।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के अवतार के समय केवल देवता ही नहीं, बल्कि स्वयं ब्रह्माजी और भगवान शिव भी उनकी दिव्य लीलाओं के साक्षी बने। श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए गुरु मां ने कहा कि असंख्य जन्मों से भगवान की प्रतीक्षा कर रहे जीवों को उस दिव्य क्षण का सौभाग्य प्राप्त हुआ था।

# एआई तकनीक से युवाओं को मिली नई दिशा, साइबरटेक में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया प्रशिक्षण



**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान साइबरटेक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक पर एक दिवसीय नि:शुल्क वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में 150 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नवीनतम एआई तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

संस्थान के निदेशक डॉ. पंकज थानवी ने बताया कि कार्यशाला में चैटजीपीटी, केनवा प्रो, नोटबुक-एलएम, गूगल जैमिनी एआई, माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट सहित कई आधुनिक एआई टूल्स का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को इन तकनीकों के उपयोग, कार्यप्रणाली एवं विभिन्न क्षेत्रों में इनके प्रभावी प्रयोग के बारे में विस्तार से समझाया गया।

डॉ. थानवी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है और प्रत्येक व्यक्ति के लिए एआई तकनीक की जानकारी आवश्यक हो गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, शोध, प्रोजेक्ट निर्माण, डेटा विश्लेषण, प्रस्तुतीकरण, डिजिटल कंटेंट निर्माण तथा अन्य तकनीकी कार्यों में एआई का उपयोग अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने युवाओं से नई तकनीकों को अपनाने और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने का आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले समय में एआई आधारित दक्षता रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर उपलब्ध कराएगी।

# वृक्षारोपण एवं जनजागरुकता गतिविधियों का हुआ आयोजन

**जैसलमेर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार संचालित 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत पंचायत समिति मोहनगढ़ की ग्राम पंचायत देवा में स्थित तालाब पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को लेकर विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया एवं ग्रामीणों को जल बचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में राज्य स्तर से वंदे गंगा अभियान की समस्त गतिविधियों की मॉनिटरिंग के लिए नियुक्त जिला संयोजक कंवराजसिंह चौहान, पंचायत समिति मोहनगढ़ के विकास अधिकारी नाथू सिंह, देवा प्रशासक गफूरखां, ग्राम विकास अधिकारी मुकेश चंद्र शर्मा एवं कनिष्ठ तकनीकी सहायक भूपेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत पाटोदी में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित**

# पीपल पूजन, पौधारोपण, परिंडा अभियान, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिया जल संरक्षण का संदेश

**बालोतरा, (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, बालोतरा द्वारा पंचायत समिति पाटोदी में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पीपल पूजन एवं पौधारोपण के साथ हुआ। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने पीपल वृक्ष की पूजा-अर्चना कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के अधीक्षण अभियंता घनश्याम सिंह राठौड़ ने कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण एवं जल स्रोतों का संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर साबित होगा। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम के दौरान परिंडा अभियान के तहत पक्षियों के लिए पानी एवं दाने की व्यवस्था करने का संदेश दिया गया। भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए ग्रामीणों, युवाओं और विद्यार्थियों ने अपने घरों, सार्वजनिक स्थलों एवं पेड़ों पर परिंडे लगाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि जीव-जंतुओं और पक्षियों की सुरक्षा भी पर्यावरण संरक्षण का



महत्वपूर्ण हिस्सा है।

जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए कलाकारों द्वारा प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से वर्षा जल संचयन, भूजल संरक्षण, जल के विवेकपूर्ण उपयोग, पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण तथा जल बर्बादी को रोकने जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल एवं रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। ग्रामीणों ने नाटक को उत्साहपूर्वक देखा और जल बचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। लोकगीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, वृक्षारोपण और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को न केवल मनोरंजन प्रदान किया बल्कि जल संरक्षण के महत्व के प्रति प्रेरित भी किया।

# गड़रा रोड़ राजस्व विभाग में सीबीआई नोट के बावजूद बिना अनुमति के कृषि भूमि

## गड़रा रोड तहसील में खुल्लमखुल्ला अवैध नामांतरण ओर किया जा रहा है बेचान।

**गड़रा रोड (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के बारमेर जिले में पाकिस्तान सीमा से सटे प्रतिबंधित क्षेत्र के गांव रोहिड़ी में राजस्व विभाग की मिलीभगत का एक और बड़ा मामला सामने आया है। सीबीआई की जांच और पीएसीएल कंपनी के विरुद्ध चल रहे मुकदमे के बावजूद तहसीलदार, पटवारी और स्टाफ की सांठ-गांठ से सरकारी भूमि पर बिना एनओसी के नामांतरण, रहन, सेल डीड और लीज डीड स्वीकृत किए जा रहे हैं।

ग्राम रोहिड़ी, पटवार हल्का रोहिड़ी, तहसील गड़रा रोड के खाता संख्या 44 (पुराना खाता 11), खसरा संख्या 3779 पर कुल 45.1628 हेक्टेयर भूमि राजस्थान सरकार के नाम दर्ज है। इस खसरे पर 31 खातेदार (ज्यादातर राजपूत और एक यादव) विभिन्न हिस्सों में दर्ज हैं।

**सीबीआई नोट की अनदेखी :** जमाबंदी (प्रतिलिपि) प्रपत्र पी-26 (सी) के अनुसार 5 सितंबर 2022 को नोट नंबर 4 के तहत स्पष्ट रूप से लिखा गया है: 'नोट नं. 4 से दिनांक 05/09/2022 खसरा संख्या : 3779 काश्तकार : सन्तोषकुमार पुत्र श्रीराम पर CBI case no. पेज 3 पर सीबीआई केस RC.BD1/2014/AE/0004 का पूरा विवरण दर्ज है, जिसमें M/s PACL Ltd. तथा उसके डायरेक्टर्स पर धोखाधड़ी का आरोप है। नोट में साफ निर्देश है कि ÒCBI द्वारा अनारोपित प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही कोई कार्यवाही की जाए'। फिर भी 2022 से 2026 तक खसरे पर कई अवैध नामांतरण (संख्या 1284, 1298, 1340, 1331 आदि) स्वीकृत कर दिए गए हैं।

**2006-07 का पुराना घोटाला फिर सक्रिय :** वर्ष 2006-07 में सीमा क्षेत्र में बिना अनुमति बाहरी लोगों को भूमि बेचने का बड़ा स्कैम सामने आया था। अदालत ने भारी मात्रा में भूमि सौदे खारिज किए थे और शेष जमीन पर सीबीआई व पीएसीएल नोट लगाकर रोक लगा दी गई थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गड़रा रोड तहसील के कुछ अधिकारियों ने पटवारी-स्टाफ की मदद से इन नोटों को दरकिनार कर अवैध नामांतरण, बिक्री, गिरवी (रहन) और लीज डीड पास कर दी जा रही है।

# मेहनत की मिसाल बनी दिव्या, NMMS छात्रवृत्ति के लिए चयनित

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, फलोदी की कक्षा 9 की छात्रा दिव्या विश्नोई ने



राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना में चयनित होकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दिव्या रामस्वरूप विश्नोई की पुत्री हैं। प्रधानाचार्य देवेंद्र थानवी ने बताया कि भारत सरकार की इस योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि यह सफलता दिव्या की मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। NMMS प्रभारी सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करती है। वरिष्ठ व्याख्याता विशंभर थानवी ने दिव्या की उपलब्धि को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। विद्यालय परिवार ने दिव्या को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# मादा भालू का किया अंतिम संस्कार

**माउंट आबू (हुक्मनामा समाचार)।** 29 मई को देर शाम लिम्बडी कोठी से अनादरा पॉइंट नेचर ट्रेल के पास मृत अवस्था में मिली मादा भालू का अंतिम संस्कार कर दिया गया है । 29 तारीख को गश्त के दौरान वनपाल राजेश बिश्नोई ने मृत भालू को देखा था फिर उच्च अधिकारियों को सूचित किया था ।

**शनिवार को हुआ अंतिम संस्कार ..**

एसीएफ सुमेश बालान ,क्षेत्रीय वन अधिकारी गजेंद्र सिंह,वन रक्षक रामकुमार ,विनोद की मौजूदगी में शव को कब्जे में लिया गया । 30 मई सुबह मेडिकल टीम डॉ हबीब ,डॉ संजय कुमार थावरे,डॉ जगदेव सिंह की टीम द्वारा पोस्टमार्टम करने के बाद अंतिम संस्कार किया ।

**सभी अंग सुरक्षित , प्रशासन रहा मौजूद ..**

जानकारी के अनुसार पोस्टमार्टम के दौरान भालू के सभी अंग सुरक्षित पाए गए जिससे शिकार होने की की पुष्टि नहीं हुई । हालांकि मौत का मुख्य कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा । मौके पर डीएफओ शुभम जैन, एसीएफ सुमेश बालान , क्षेत्रीय वन अधिकारी गजेंद्र सिंह, वनपाल राजेश बिश्नोई, वन रक्षक रामकुमार यादव , विनोद , रजनीश , पशु धन निरीक्षक हब्सी रेहाना इकबाल, लक्की आदि उपस्थित रहे । इस दौरान प्रशासन की ओर से सुखराज सिंह चारण , पटवारी अभिषेक जैन , पुलिस विभाग से एएसआई किशोर सिंह भी मौजूद रहे।

# टीईटी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से शिक्षकों में चिंता, ABRSM ने संसद में विधायी राहत की मांग उठाई

## 14 लाख से अधिक शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन ने कहा- लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा दांव पर, सरकार करे त्वरित हस्तक्षेप

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रकरण से संबंधित समीक्षा याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के बाद देशभर के लाखों शिक्षकों में उत्पन्न चिंता और असंतोष को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने केंद्र सरकार से तत्काल विधायी राहत प्रदान करने की मांग की है। संगठन के प्रतिनिधि अरुण कुमार व्यास ने कहा कि इस निर्णय से वर्षों से कार्यरत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं।

ABRSM, जो देशभर में 14 लाख से अधिक शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करता है, ने कहा कि प्रभावित शिक्षकों की नियुक्तियां उस समय लागू सरकारी नियमों एवं अधिसूचनाओं के तहत सक्षम प्राधिकरणों द्वारा विधिवत प्रक्रिया अपनाकर की गई थीं। इन शिक्षकों ने लंबे समय से ग्रामीण, शहरी और वंचित क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

संगठन का कहना है कि वर्तमान कानूनी स्थिति के कारण लाखों शिक्षकों को अपूरणीय क्षति उठानी पड़ सकती है, वहीं विद्यालयों के संचालन और शैक्षणिक वातावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। ABRSM ने केंद्र सरकार से आगामी संसद के मानसून सत्र में अध्यादेश अथवा आवश्यक विधायी संशोधन लाकर प्रभावित शिक्षकों को राहत देने की मांग की है।



जयपुर • जोधपुर • अजमेर
से प्रकाशित
राज्य स्तरीय दैनिक
हुक्मनामा समाचार
सच्ची खबरें, सटीक खबरें, आपके आसपास की हर खबर
हुक्मनामा समाचार से जुड़ने के लिए
आज ही संपर्क करें
0141:2220403
8824399949
9828011251
हुक्मनामा समाचार
राजस्थान की हर छोटी बड़ी खबर, सबसे पहले, सबसे सटीक
आपकी खबर हमारी पहचान
Website: www.hukmnamasamachar.com
जैसलमेर, बाड़मेर और बालोतरा
जिले के आसपास के इलाके से जुड़ने के लिए
आज ही संपर्क करें
जैसलमेर
बाड़मेर
बालोतरा
हर छोटी बड़ी खबर आप तक
स्थानीय से लेकर राज्य की हर खबर
सटीक, निष्पक्ष और विश्वसनीय समाचार
आपके साथ आपकी आवाज
स्थानीय पत्रकारों का स्वागत है
हुक्मनामा समाचार – हर खबर, आपके द्वार

# हिन्दी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूर्ण होने पर जार की विचार गोष्ठी आयोजित

## समय के साथ अखबारों और साहित्य पर बढ़ा बाजार का दबाव : सिंदल

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** 'जब-जब राजनीति लडखड़ाई, साहित्य ने उसे संभाला' यह विचार मुख्य वक्ता राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गीतकार दिनेश सिंदल ने हिन्दी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) की जोधपुर इकाई द्वारा मदन-सावित्री डागा स्मृति भवन, नेहरू पार्क में 'हिन्दी पत्रकारिता में साहित्य का योगदान' विषय पर आयोजित गोष्ठी में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता और साहित्य एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू और राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जब राजनीति लडखड़ाती है तो साहित्य उसे संभालने का कार्य करता है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दिनेश सिंदल, अयोध्याप्रसाद गौड़ व वरिष्ठ साहित्यकार सत्येन व्यास रहे। जबकि स्वागत भाषण जार के जिलाध्यक्ष सैय्यद मुनव्वर अली ने दिया। सिंदल ने कहा कि अखबार समाज सुधार का कार्य करते हैं और जनमत निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर वर्तमान समय तक अनेक सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन पत्रकारिता के माध्यम से संभव हुए हैं। उन्होंने कहा कि समय के साथ अखबारों और साहित्य पर बाजार का दबाव बढ़ा है, जिसके चलते विज्ञापन प्रमुख और समाचार गौण होते गए हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य लोगों को जोडने का कार्य करता है, जबकि बाजार और राजनीति अक्सर लोगों को विभाजित करने का प्रयास करते हैं। नेहरू और दिनकर के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जब राजनीति लडखड़ाएगी, तब साहित्य उसे संभालेगा। उन्होंने कहा कि छपे हुए शब्द की अपनी विश्वसनीयता होती है और लंबे समय तक लोगों का अखबारों पर अटूट भरोसा रहा है। विशिष्ट अतिथि अयोध्याप्रसाद गौड़ ने कहा कि



हिन्दी पत्रकारिता का दो सौ वर्ष पूर्व उदित हुआ सूरज आज भी लोकतंत्र को प्रकाशमान कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाचारों में भाषा का सौंदर्य और विचारों की अभिव्यक्ति हिन्दी पत्रकारिता की पहचान रही है। वर्तमान समय में सिटीजन जर्नलिज्म को बढ़ावा मिला है तथा कोविड काल के बाद इसे और गति मिली है। भाषाई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के दौर में पत्रकारिता के सामने नई चुनौतियां हैं, लेकिन हिन्दी पत्रकारिता निरंतर प्रगति कर रही है। गोष्ठी में जार के अध्यक्ष अली ने भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, गणेश शंकर विद्यार्थी, राजेन्द्र माथुर, श्रीकांत वर्मा सहित अनेक पत्रकार-साहित्यकारों के योगदान को याद किया।

साथ ही जोधपुर की पत्रकारिता में शेर-ए-राजस्थान जयनारायण व्यास, नेमीचंद जैन भावुक, उमरावजी बोहरा, गणेशीलाल व्यास, रमेश पारीक, माणक मोटमणि और दिनेश जोशी सहित अनेक हस्तियों के योगदान का भी स्मरण किया गया। कार्यक्रम में कवि व आलोचक प्रो. कौशलनाथ उपाध्याय, कहानीकार हरिप्रकाश राठी, महेश खेतानी, के.डी. इसरानी, राजेश शर्मा, गोपालसिंह राठौड़, रामजी व्यास, मनोज बोहरा, मुकेश श्रीमाली, रंजन दैया,प्रमोद वैष्णव, अरुण माथुर, चेतन चौहान, छगन राव, दीपा परिहार, नीलम व्यास, यश पारीक, लालजी प्रजापत, कालूराम कारवाल, हरीश देवनानी,शिवनारायण शर्मा, दानिश अली एवं प्रेम परिहार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्येन व्यास ने किया। अंत में मनोज बोहरा ने आभार व्यक्त किया।

### बदमाशों के हौसले बुलंद, कार के कांच फोड़कर मचाया उत्पात

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में असामाजिक तत्वों के हौसले लगातार बढ़ते नजर आ रहे हैं। कारों के कांच फोडने् की घटनाओं के बीच एक बार फिर बदमाशों ने रातानाडा क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाया। घटना रातानाडा स्थित सोनिया टेंट हाउस वाली गली में भाटी भवन के बाहर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मध्य रात्रि में बाइक पर सवार होकर पहुंचे करीब आधा दर्जन बदमाशों ने खड़ी कार के कांच तोड़ दिए। इसके बाद आरोपियों ने क्षेत्र में हंगामा करते हुए दहशत का माहौल बना दिया। घटना से आसपास के लोगों में भय और आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आमजन की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। रातानाडा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बता दें कि गत एक सप्ताह में यह तीसरी घटना है। इससे पहले प्रतापनगर, प्रतापनगर सदर एरिया में कारों के शीशे फोड़े जाने की घटनाएं सामने आई थी।

### कार ने थाने की तारबंदी तोडकर् दो जब्त कारों को मारी टक्कर

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने की तारबंदी तोडकर् एक कार अंदर घुसबई।

वहां खड़ी जब्त दो कारों को भी नुकसान पहुंचा। पुलिस ने उसे डिटेन कर मामला दर्ज किया। कार चालक खुद क्रेटा कार में सवार था। नजदीक ही पुल का निर्माण भी चल रहा है, संभवत: रेत पर चढ़ कर उसकी कार तारबंदी तोडकर् अंदर घुस गई। एएसआई ने कारों को नुकसान पहुंचाने का केस दर्ज करवाया है। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि दिन के समय में एक युवक कार लेकर पाल रोड की तरफ से आ रहा था। तब उसकी कार अनियंत्रित होकर तारबंदी में घुस गई। बाद में पुलिस के मालखाने की जब्त दो कारों को भी टक्कर मार कर नुकसान पहुंचा दिया। कार सवार युवक की पहचान फलोदी के चांपासर निवासी पीयूष के रूप में की गई। एएसआई स्वरूप सिंह ने उसके खिलाफ तारबंदी को तोडने्, कारों को क्षतिग्रस्त किए जाने का प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि थाने के सामने पुल का कार्य चल रहा है। रेत के टीले पर चढकर् यह कार तारबंदी में घुसी और फिर कारों को नुकसान पहुंचा है।

### जातरूओं की सेवा-सत्कार में उमड़े शहरवासी, यात्रा का आज होगा समापन



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** हिंदू सेवा मंडल द्वारा अधिकमास में निकाली जा रही भोगिशैल परिक्रमा यात्रा आज अंतिम पड़ाव स्थल मंडोर उद्यान पहुंच गई। मंडोर उद्यान में श्रद्धालुओं की सेवा सत्कार के लिए परिजन व शहरवासी उमड़ पड़े। परिक्रमा यात्रा का समापन रविवार को होगा। भोगिशैल परिक्रमा यात्रा आयोजन समिति के सचिव विष्णुचंद्र प्रजापत ने बताया कि भोगिशैल परिक्रमा यात्रा ने आज सुबह छठे दिन बेरीगंगा से प्रस्थान किया जो निम्बली तीर्थ, निम्बा तीर्थ, मण्डोर रेलवे स्टेशन बालाजी, काला-गोरा भैरूजी मंदिर होते हुए मण्डोर उद्यान पहुंची। यात्रा का विश्राम आज मण्डोर उद्यान में रहेगा।

इसके बाद अंतिम दिन 31 मई को सुबह मण्डोर से प्रस्थान कर यात्रा भुवनेश्वरी माता मंदिर, सन्तोषी माता, राम मोहल्ला, कागा तीर्थ, शीतला माता मंदिर, महामंदिर, शक्ति नगर, बीजेएस रेलवे लाइन, बनाड़ रोड, शेखावतजी का तालाब, मिलिट्री एरिया, उम्मेद भवन, गणेश मंदिर, रातानाडा पुलिस लाइन, मोहनपुरा पुलिया, सोजती गेट, घास मंडी, कंदोई बाजार, कटला बाजार, कपड़ा बाजार, सर्राफा बाजार एवं जूनी मंडी होते हुए गंगश्याम मंदिर पहुंचेगी। तत्पश्चात हिन्दू सेवा मण्डल कार्यालय घण्टाघर में परिक्रमा ध्वज के साथ यात्रा का विधिवत समापन होगा। सेवा व स्वागत के लिए लगाई कई स्टॉलें परिक्रमा श्रद्धालुओं की सेवा के लिए शनिवार को कई स्वयंसेवी, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों ने स्टॉलों लगाई। यहां उन्हें ठंडा पानी, शरबत, फल, फ्रूट क्रीम, नमकीन आदि उपलब्ध करवाए गए। कृषि मंडी परिसर में गर्मी से राहत के लिए कूलर और टेंट लगाए गए हैं। मंडोर मंडी सेवा समिति की ओर से चाय-नाश्ता, पानी, प्राथमिक चिकित्सा व विश्राम की व्यवस्था भी की गई है। यात्रा के दौरान स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन में सहयोग प्रदान किया गया। विभिन्न सामाजिक एवं सेवा संगठनों द्वारा पेयजल, भोजन, चाय एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। परिक्रमा यात्रा के अवसर पर आज मंडोर उद्यान में आमजन एवं श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश नि:शुल्क रखा गया।

# जोधपुर ऑर्थोपेडिक सिम्पोजियम 2026 का आयोजन

## बदलती जीवनशैली से बढ़ रही हड्डियों और जोड़ों की समस्याएं

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बढ़ता स्क्रीन टाइम, घंटों बैठकर काम करने की आदत, मोटापा और शारीरिक गतिविधियों में कमी आज हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी समस्याओं का बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। पहले जहां घुटनों, रीढ़ और कूल्हों की समस्याएं मुख्यत: बुजुर्गों में देखी जाती थीं, वहीं अब 25 से 45 वर्ष आयु वर्ग के लोगों में भी ये समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसी गंभीर विषय को केंद्र में रखते हुए शैल्बी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स द्वारा एक निजी होटल में जोधपुर ऑर्थोपेडिक सिम्पोजियम 2026 का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य लोगों को आधुनिक ऑपिटिक उपचार, रोकथाम और समय पर जांच के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस सिम्पोजियम में देश के प्रतिष्ठित ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों एवं स्वास्थ्य पेशेवरों ने भाग लिया। संगोष्ठी में पुटनों, कूल्हों, रीढ़ और कंधों से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चचर्चा की गई। शैल्बी हॉस्पिटल के संस्थापक एवं भारत में घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी के अग्रणी विशेषज्ञ डॉ. विक्रम शाह ने आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न हो रही ऑर्थोपेडिक चुनौतियों पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि लंबे समय तक बैठकर काम करना, मोबाइल और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग, गलत पॉवर तथा अनियमित दिनचर्या युवाओं को भी कम




उम्र में कमर दर्द, गर्दन दर्द और घुटनों की समस्याओं की ओर धकेल रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक ऑर्थोपेडिक उपचार पद्धतियों ने चिकित्सा क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। आज अत्याधुनिक तकनीकों और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी के माध्यम से मरीजों को कम दर्द, कम रक्तस्राव और पहले की तुलना में कहीं अधिक तेज रिकवरी मिल रही है। डॉ. विक्रम शाह ने कहा कि लोग अक्सर शुरुआती नोड़ों या कमर दर्द को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे समस्या आगे चलकर गंभीर रूप ले लेती है और उपचार अधिक जटिल हो जाता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता, समय पर जांच और जीवनशैली में सुधार हड्डियों और जोड़ों की समस्याओं से बचाव के लिए बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम में आधुनिक ऑथोपेडिक उपचार पद्धतियों, जॉइंट रिप्लेसमेंट, स्पाइन केयर, खेल संबंधी चोटों तथा मिनिमली इनवेसिव सर्जरी में आई नई तकनीकों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट तकनीक पर भी विशेष चर्चा की गई। शैल्बी हॉस्पिटल्स के ग्लोबल ओपीडी डायरेक्टर डॉ. भरत गज्जर ने रोकथाम आधारित स्वास्थ्य देखभाल और आधुनिक उपचार पद्धतियों के महत्व पर विशेष संवाद करते हुए बताया कि सही जीवनशैली, नियमित व्यायाम और समय पर जांच के माध्यम से कई ऑर्थोपेडिक सगस्याओं से बचाव संभव है।

### जोधपुर में आंधी-तूफान और बारिश का दौर गिरे कई पेड़, गर्मी से मिली मामूली राहत

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नौतपा के दौरान शुक्रवार देर रात और शनिवार शाम शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ, जिससे भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत मिली। हालांकि तेज बारिश और आंधी के कारण कई स्थानों पर जलभराव तथा पेड़ गिरने की घटनाएं भी सामने आईं। जानकारी के अनुसार रात्रि करीब ढाई बजे शुरू हुई तेज बारिश ने शहर का मौसम पूरी तरह बदल दिया।

कुछ समय तक हुई मूसलाधार बारिश के कारण सडक़ों पर पानी भर गया, जिससे सुबह के समय आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं के साथ आसमान में लगातार बिजली चमकती रही और मौसम सुहावना हो गया। आंधी-तूफान के चलते माता का थान से बनाड़ रोड जाने वाले मार्ग पर एक बड़ा पेड़ गिर गया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। वहीं चौपासनी स्थित हरिओम नगर के निकट बी.आर. बिड़ला स्कूल के पास एक विद्युत पोल पेड़ के साथ धराशायी हो गया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय सडक़ पर यातायात नहीं होने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से बदला मौसम मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के सक्रिय होने के कारण प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इसके प्रभाव से तेज हवाएं, आंधी और बारिश का दौर शुरू हुआ, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और गर्मी का असर कम हुआ। विभाग का अनुमान है कि आगामी दिनों में भी मौसम का यह बदला हुआ स्वरूप बना रह सकता है तथा 11 जून तक हीटवेव से राहत मिलने की संभावना है।

अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी रहने के आसार हैं। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों ने संकेत दिए हैं कि इस वर्ष मानसून सामान्य से कमजोर रह सकता है। फिलहाल लंबे समय से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बारिश और ठंडी हवाओं ने लोगों को बड़ी राहत दी है। आने वाले दिनों में भी आंधी और बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई गई है, जिससे लू और तपिश से राहत मिलने की उम्मीद है।

### घर के बाहर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का आरोप

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** माता का थान स्थित अशोक कॉलोनी गली नंबर एक में घर के बाहर पेट्रोल छिडक़ कर आग लगाने का केस दर्ज कराया गया है। घर मालकिन ने दो तीन युवकों को नामजद कर आरोप लगाते रिपोर्ट दी है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। माता का थान स्थित अशोक कॉलोनी गली नंबर एक निवासी गुडिय़ा पत्नी केसाराम सरगरा ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके घर के बाहर आकाश पंवार, राजकुमार आदि ने मिलकर पेट्रोल छिडक़ा और आग लगा दी। जिससे उसके घर को नुकसान पहुंचा।

### भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सुनाए भक्ति और प्रेम के प्रसंग



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सूरसागर क्षेत्र में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से कथा प्रवक्ता कृष्ण मुरारी महाराज ने विभिन्न आध्यात्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और प्रेम का संदेश दिया। कथा में नारदजी और वेदव्यासजी का मिलन, नारदजी का पूर्व चरित्र, शुकदेवजी का आगमन, अश्वत्थामा द्वारा किए गए अत्याचार, उत्तरा के गर्भ की भगवान कृष्ण द्वारा रक्षा, कुंती स्तुति, भीष्म स्तुति तथा राजा परीक्षित के जन्म और श्राप की कथा का विस्तार से वर्णन किया गया। महाराज ने विदुर एवं विदुरानी के घर भगवान कृष्ण के आगमन का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान की प्राप्ति केवल भाव, भक्ति और प्रेम से होती है। उन्होंने कहा कि जहां सच्ची श्रद्धा और निष्काम भक्ति होती है, वहां भगवान स्वयं भक्त के घर पधारते हैं। कलयुग में भी भगवान को सहज रूप से प्रेम और समर्पण के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। भगवान बाहरी दिखावे को नहीं, बल्कि मन की पवित्र भावना और प्रेम को देखते हैं।

### चाकूबाजी प्रकरण में चार आरोपी शांतिभंग में गिरफ्तार

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के खेमें का कुआं के पास में गुरुवार रात को एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया गया था। पुलिस ने घायल के पर्चा बयान पर प्रकरण दर्ज किया और अब चार युवकों को शांतिभंग में पकड़ा है। केस में गिरफ्तारी बाकी है। पकड़े गए युवकों से पूछताछ भी की जा रही है। हमले की वजह आपसी विवाद होना माना जा रहा है। सुभाषनगर खेमें का कुआं पाल रोड निवासी शुभम पुत्र चुन्नीलाल की तरफ से शास्त्रीनगर थाने में मामला दर्ज कराया गया था। हमले में अभिषेक शर्मा नाम का युवक घायल हुआ था। आरोपियों में कुणाल, विष्णु, आयुष और वीरेंद्र आदि को नामजद किया गया था। शास्त्रीनगर पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर अब चारों आरोपियों यूआईटी कॉलोनी, शोभावतों की ढाणी निवासी विष्णु पुत्र राणाराम मेघवाल, आयुष पुत्र गणेश सुथार, कुनाल पुत्र गणेश सुथार और भवानी नगर शोभावतों की ढाणी निवासी वीरेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश घांची को शांतिभंग में फिलहाल पकड़ा गया है। आरंभिक पड़ताल में सामने आया कि इनके बीच आपसी विवाद चला आ रहा है।

# जब चाय पर बुलाना था, तब पूर्व सीएम चर्चा से भागते रहे: शेखावत

## केंद्रीय पर्यटन मंत्री का अशोक गहलोत पर बिना नाम लिए तंज

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर उनका नाम लिए बगैर तंज कसा। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए चाय के निमंत्रण और राजनीतिक तंज पर शेखावत ने पलटवार करते हुए कहा कि जब चाय पर बुलाने की जरूरत थी, जब वो राजस्थान के मुख्यमंत्री थे, राजस्थान को जल जीवन मिशन में सबसे ज्यादा संसाधन दिए गए थे, उस समय में चाय पर बुलाकर बात करने की, चर्चा करने का विषय था, चर्चा करने की आवश्यकता भी थी, लेकिन तब तिथियों पर तिथियां तय करने के बाद भी वो निरंतर भागते रहे। चाय पर बुलाने के बजाय कहीं और मुझे भेजने की कोशिश करते रहे, लेकिन नाकामयाब हुए। उसकी खिसियाट अभी भी शायद बाकी है। शेखावत शनिवार को सुबह दिल्ली से अपने गृह नगर पहुंचे। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल से संबंधित विकास कार्यों की शुरुआत को लेकर पूछे सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय इसके लिए लगातार प्रयासरत है। वर्तमान में कुछ तकनीकी और छोटे-मोटे विषय शेष हैं, जिन्हें शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री की उपलब्धता के आधार पर इसके उद्घाटन की तिथि निर्धारित की जा रही है, जिसके बाद इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। आरएलपी कार्यकर्ताओं और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से जुड़े एक सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस तरह की किसी घटना की गुंजाइश है। न इस तरह के किसी कृत की स्वीकारता है। शब्दों की मर्यादा सभी को बनाकर रखनी चाहिए। जिस तरह बयानबाजी हो रही है,



जिस तरह के शब्दों का प्रयोग हो रहा है, वो शब्दों का प्रयोग चाहे कोई भी करे, सबको अपने शब्दों की मर्यादा और शब्दों का सम्मान बना करके रखना चाहिए।

### वर्तमान हालातों में ऊर्जा स्वरूपों का संरक्षण जरूरी: नरूका

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान का एक दिवसीय विचार वर्ग बासनी स्थित लघु उद्योग भारती सभागार में संपन्न हुआ। इस विचार वर्ग में स्वावलंबी भारत अभियान के राजस्थान क्षेत्र के संयोजक लोकेंद्र सिंह नरूका ने कहा कि अभी पूरे विश्व में ऊर्जा का संकट खड़ा हो गया है। हमारा देश भी इससे प्रभावित है अत: हम सभी का यह परम कर्तव्य है कि सभी प्रकार के ऊर्जा स्वरूपों का हम संरक्षण करें। पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम पदार्थों का न्यूनतम उपयोग करना सुनिश्चित करें जिससे विदेशी मुद्रा की बचत हो और भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहे। भारत का फॉरेक्स रिजर्व संतुलित बना हुआ है लेकिन इसके लिए हमें अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग अपने दैनिक जीवन में बढ़ाना होगा और आयातित सामानों का प्रयोग कम से कम करना होगा।

स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066,
सिटी कार्यालय : मालियों की गली, उदयमंदिर थाने के पास, जोधपुर। -जयपुर कार्यालय : जी-1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

## सम्पादकीय...

### मौत का कारोबार कब रुकेगा?



महाराष्ट्र के पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से हुई 15 लोगों की मौत ने एक बार फिर देश को झकझोर दिया है। यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि भारत में बार-बार सामने आने वाली उस भयावह समस्या का नया अध्याय है जिसमें सस्ती और अवैध शराब गरीब तथा निम्न आय वर्ग के लोगों की जान ले लेती है। जहरीली शराब का खतरा नया नहीं है। भारत के विभिन्न राज्यों में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। अवैध शराब बनाने वाले लोग अधिक मुनाफे के लालच में मिथाइल अल्कोहल जैसे जहरीले रसायनों का उपयोग करते हैं।

यह पदार्थ मानव शरीर के लिए अत्यंत घातक होता है। इसके सेवन से आंखों की रोशनी जा सकती है, गुर्दे और यकृत प्रभावित हो सकते हैं तथा कुछ ही घंटों में व्यक्ति की मृत्यु तक हो सकती है। इसके बावजूद अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण है सस्ती शराब की मांग, प्रशासनिक निगरानी की कमी और अपराधियों का संगठित नेटवर्क। गरीब और मेहनतकश वर्ग अक्सर कम कीमत के कारण ऐसी शराब की ओर आकर्षित हो जाते हैं। यही वर्ग सबसे अधिक नुकसान भी उठाता है। परिवार का कमाने वाला सदस्य जब इस तरह की दुर्घटना का शिकार होता है तो उसके पीछे पत्नी, बच्चे और बुजुर्ग माता-पिता आर्थिक और सामाजिक संकट में फंस जाते हैं। यदि देश में जहरीली शराब से होने वाली मौतों का इतिहास देखा जाए तो सबसे अधिक चर्चा बिहार की होती है। बिहार में वर्ष 2016 से पूर्ण शराबबंदी लागू है। शराबबंदी का उद्देश्य समाज को नशे से मुक्त करना था, लेकिन इसके बाद अवैध शराब के कारोबार और जहरीली शराब से होने वाली मौतों की कई बड़ी घटनाएं सामने आईं। वर्ष 2022 बिहार के लिए सबसे भयावह साबित हुआ। मार्च 2022 में भागलपुर जिले में जहरीली शराब से 40 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई। इसी वर्ष दिसंबर में सारण जिले में हुई त्रासदी ने पूरे देश को हिला दिया, जहां 70 से अधिक लोगों की जान चली गई। वर्ष 2023 में भी मोतिहारी और सीवान सहित कई क्षेत्रों में जहरीली शराब से अनेक लोगों की मौत दर्ज की गई।

*वैभव लोढ़ा...*

## इतिहास में आज

**1725:** भारत की महान वीरांगना और मालवा साम्राज्य की शासक अहिल्याबाई होल्कर का जन्म हुआ।
**1774:** भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया।
**1921:** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को अंगीकार किया गया।
**1977:** भारतीय सेना के एक दल ने पहली बार विश्व के तीसरे सबसे ऊंचे पर्वत शिखर कंचनजंगा पर चढ़ाई की।

*-धर्म चंद मेहता*

## क्रॉस फायर

- **महाराष्ट्र में जहरीली शराब पीने से 17 लोगों की मौत।**
  - ◆महाराष्ट्र में सरकार किसकी है इसलिए ज्यादा मत बोलो।
- **आतंकी साजिश पर एन आई ए एक्शन में, चार राज्यों के 12 ठिकानों पर छापेमारी।**
  - ◆फिर भी आतंकवादी कर गुजरते हैं।
- **कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से चुनाव आयोग को रजिस्ट्रेशन का कागज दिया गया।**
  - ◆हवाई पार्टी हवाई बातें।
- **दिन भर की तपीश के बाद देश के कई है समय जमकर बरसे में मेघ।**
  - ◆आम आदमी को राहत मिली।
- **राहुल गांधी ने दिल्ली में ऑटो ड्राइवर के साथ खाना खाया यूनिफॉर्म पहनी और जमीन पर बैठे।**
  - ◆क्या चाहते हैं मोदी भी ऐसा करें।
- **अमेरिका में 250 के डालर पर ट्रंप की तस्वीर छापने की कवायत।**
  - ◆लगता है डॉलर के दिन खराब आने वाले हैं।
- **भाजपा सरकार द्वारा ढाई साल में भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई 103 सस्पेंड,6 बर्खास्त।**
  - ◆फिल्मी भ्रष्टाचार रॉकेट की तरह बढ़ रहा है।
- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा यूपीएससी में पेपर लीक नहीं एन टी ए उससे सीखे।**
  - ◆कहां राजा भोज कहां गंगू तेली।

*.............अंजू लोढ़ा*

## आज का राशिफल

**रविवार 31 मई, 2026**

**मेष राशि:** आज आपको आराम करने और क़रीबी दोस्तों व परिवार के साथ ख़ुशी के कुछ पल बिताने की ज़रूरत है। आज आप आसानी से पैसे इकट्ठा कर सकते हैं- लोगों को दिए पुराने कर्ज़ वापिस मिल सकते हैं।

**वृषभ राशि:** आपका दानशीलता का व्यवहार आपके लिए छुपे हुए आशीर्वाद की तरह सिद्ध होगा, क्योंकि यह आपको शक, अनास्था, लालच और आसक्ति जैसी ख़राबियों से बचाएगा।

**मिथुन राशि:** मुस्कुराएँ, क्योंकि यह सभी समस्याओं का सबसे उम्दा इलाज है। इस राशि के कारोबारियों को आज अपने घर के उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं।

**कर्क राशि:** धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता ज़रूर दिलाएंगे। ख़र्चों में इज़ाफ़ा होगा, लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी इसको संतुलित कर देगी।

**सिंह राशि:** दोस्त आपका परिचय किसी ख़ास इंसान से कराएंगे, जो सोच पर गहरा प्रभाव डालेगा। आज मुलाकात किसी शख्स से हो सकती है जो आर्थिक पक्ष को मजबूत करने के लिए अहम सलाह दे सकता है।

**कन्या राशि:** किसी संत पुरुष का आशीर्वाद मानसिक शान्ति प्रदान करेगा। अपने लिए पैसा बचाने का आपका ख्याल आज पूरा हो सकता है। आज आप उचित बचत कर पाने में सक्षम होंगे।

**तुला राशि:** आज आप खुद को सुकून में और ज़िंदगी का लुत्फ़ उठाने के लिए सही मनोदशा में पाएंगे। आपका कोई दोस्त आपसे आज बड़ी रकम उधार मांग सकता है, अगर आप उनको यह रकम देते हैं तो आप आर्थिक तंगी में आ सकते हैं।

**वृश्चिक राशि:** अपने वज़न पर नज़र रखें और ज़रूरत से ज़्यादा खाने से बचें। आर्थिक दृष्टि से आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज आपको धन लाभ तो हो सकता है। लेकिन आपको कड़ी मेहनत करनी होगी।

**धनु राशि:** आज आपका स्वास्थ्य दुरुस्त रहने की पूरी उम्मीद है। अपने अच्छे स्वास्थ्य के चलते आज आप अपने दोस्तों के साथ खेलने का प्लान बना सकते हैं। आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इज़ाफ़ा करेगा।

**मकर राशि:** जैसे ही आप हालात पर पकड़ बनाने की कोशिश शुरू करेंगे, आपकी घबराहट ग़ायब हो जाएगी। जल्दी ही आप पाएंगे कि यह परेशानी साबुन के उस बुलबुले की तरह है, जो छूते ही फूट जाता है।

**कुम्भ राशि:** कुछ तनाव और मतभेद आपको चिड़चिड़ा और बेचैन बना सकते हैं। अपने लिए पैसा बचाने का आपका ख्याल आज पूरा हो सकता है। आज आप उचित बचत कर पाने में सक्षम होंगे।

**मीन राशि:** पेचीदा हालात में फँसने पर घबराएँ नहीं। जैसे खाने में थोड़ा-सा तीखापन उसे और भी लज़ीज़ बना देता है, उसी तरह ऐसी परिस्थितियाँ आपको ख़ुशियों की सही क़ीमत बताती हैं।




**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट-** अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

## अहिल्याबाई होल्कर के आज 301वीं जयंती पर विशेष

# अहिल्याबाई होल्कर भारतीय संस्कृति की अमरज्योति



ललित गर्ग



**भारतीय इतिहास के विशाल आकाश में कुछ व्यक्तित्व ऐसे हैं, जो केवल अपने समय के शासक नहीं होते, बल्कि युग की चेतना बन जाते हैं। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ऐसा ही एक दिव्य व्यक्तित्व हैं। वे केवल मालवा की रानी नहीं थीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सुशासन, न्याय और लोककल्याण की जीवित प्रतिमूर्ति थीं। 31 मई 2026 को उनकी 301वीं जयंती मनाई जा रही है। यह अवसर केवल एक महान शासिका को स्मरण करने का नहीं, बल्कि उस दिव्यदृष्टि और जीवन-दर्शन को पुनः समझने का है, जिसकी आज के भारत को अत्यंत आवश्यकता है। 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में जन्मी अहिल्या एक सामान्य परिवार से थीं।**

उनके पिता मनकोजी शिंदे ग्राम प्रधान थे। उस समय जब स्त्री-शिक्षा का प्रचलन लगभग नहीं था, तब उन्होंने अपनी पुत्री को शिक्षा, संस्कार और आत्मविश्वास दिया। यही शिक्षा आगे चलकर उन्हें भारतीय इतिहास की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में स्थापित करने वाली बनी। मालवा के शासक मल्हार राव होलकर ने बालिका अहिल्या में अद्भुत प्रतिभा देखी और उनका विवाह अपने पुत्र खंडेराव होल्कर से करवा दिया। किंतु विवाह के कुछ वर्षों बाद ही युद्ध में पति की मृत्यु हो गई। उस युग की परंपराओं के अनुसार अहिल्याबाई सती होना चाहती थीं, लेकिन उनके ससुर मल्हार राव ने उन्हें रोकते हुए कहा कि राज्य और प्रजा को उनकी आवश्यकता है। यही वह क्षण था, जहां से एक साधारण स्त्री का असाधारण नेतृत्व आरंभ हुआ। अहिल्याबाई का जीवन संघर्षों की अग्निपरीक्षा रहा। पति की मृत्यु, पुत्र मालेराव का निधन और बाद में ससुर मल्हार राव का बिछोह-इन सब आघातों के बाद भी उन्होंने स्वयं को टूटने नहीं दिया। उन्होंने व्यक्तिगत पीड़ा को जनसेवा की शक्ति में बदल दिया। यही कारण है कि उनका शासन केवल राजसत्ता नहीं, बल्कि करुणा और उत्तरदायित्व का आदर्श बन गया। 1767 में जब वे मालवा की गद्दी पर बैठीं, तब राजनीतिक अस्थिरता, षड्यंत्र और बाहरी आक्रमणों का दौर था। किंतु उन्होंने अद्भुत धैर्य, विवेक और साहस के साथ शासन संभाला। उनका प्रशासन इस बात का उदाहरण था कि सुशासन केवल शक्ति से नहीं, बल्कि संवेदना, न्याय और नैतिकता से संचालित होता है। उन्होंने कर व्यवस्था को सरल बनाया, किसानों पर लगान कम किया और व्यापार को संरक्षण दिया। उनके शासन में मालवा समृद्धि, शांति और सांस्कृतिक विकास का केंद्र बन गया। आज जब राजनीति अक्सर सत्ता-संघर्ष और स्वार्थ का पर्याय बनती जा रही है, तब अहिल्याबाई का जीवन यह संदेश देता है कि शासन का वास्तविक उद्देश्य जनता का कल्याण होना चाहिए। उन्होंने कभी राजसत्ता को अहंकार का माध्यम नहीं बनने दिया। वे प्रतिदिन खुले दरबार में प्रजा की समस्याएं सुनती थीं। उनके न्याय में न पक्षपात था और न विलंब। यही कारण था कि जनता उन्हें 'लोकमाता' कहकर सम्मान देती थी। अहिल्याबाई का सबसे बड़ा योगदान भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण में दिखाई देता है। मुगल आक्रमणों और राजनीतिक उथल-पुथल के कारण देश के अनेक मंदिर और तीर्थस्थल नष्ट हो चुके थे। उन्होंने केवल मंदिरों का पुनर्निर्माण नहीं करवाया, बल्कि भारतीय आत्मा को पुनः प्रतिष्ठित किया। काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, द्वारका, बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम और उज्जैन सहित अनेक तीर्थों में उन्होंने घाट, मंदिर, कुएं और धर्मशालाएं बनवाईं। यह कार्य किसी संकीर्ण धार्मिक आग्रह से प्रेरित नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता को बचाने का राष्ट्रीय प्रयास था। उनकी दृष्टि केवल धर्म तक सीमित नहीं थी। वे समाज-सुधार की भी प्रबल पक्षधर थीं। उन्होंने विधवाओं को संपत्ति का अधिकार दिया, सती प्रथा और सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया तथा महिलाओं को सम्मानजनक स्थान दिलाने का प्रयास किया। यह उस समय की दृष्टि से अत्यंत क्रांतिकारी सोच थी। उन्होंने महिलाओं की एक विशेष सैन्य टुकड़ी भी गठित की। यह इस बात का प्रमाण है कि वे नारी को केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि शक्ति और नेतृत्व की प्रतीक मानती थीं। महेश्वर को राजधानी बनाकर उन्होंने उसे संस्कृति, कला और उद्योग का केंद्र बनाया। महेश्वरी साड़ियों की परंपरा आज भी उनके दूरदर्शी आर्थिक चिंतन की साक्षी है। उन्होंने स्थानीय उद्योगों को संरक्षण देकर आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था का मॉडल प्रस्तुत किया। वर्तमान समय में जब 'लोकल फॉर वोकल' और आत्मनिर्भर भारत की चर्चा हो रही है, तब अहिल्याबाई का मॉडल और अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है। अहिल्याबाई का व्यक्तित्व आध्यात्मिकता और व्यवहारिकता का अद्भुत समन्वय था। वे धर्मनिष्ठ थीं, किंतु कट्टर नहीं। वे परोपकारी थीं, किंतु दिखावे से दूर। वे शक्तिशाली शासक थीं, किंतु विनम्रता उनकी सबसे बड़ी पहचान थी। उनका जीवन यह सिद्ध करता है कि सत्ता का सर्वोच्च रूप सेवा है। ब्रिटिश इतिहासकार जॉन कीए ने उन्हें 'दार्शनिक रानी' कहा था, जबकि एनी बेसेंट ने उनके शासनकाल को मालवा का 'स्वर्ण युग' बताया। यह केवल प्रशंसा नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक सत्य की स्वीकृति है कि अहिल्याबाई ने भारतीय शासन परंपरा को नैतिक ऊंचाई प्रदान की।

अहिल्याबाई शील, भक्ति, आस्था, शौर्य, शक्ति एवं धर्मनिष्ठा के अद्वितीय प्रभाव के कारण ही वे प्रणम्य हैं, जो परम विदुषी, सनातन धर्म-शासन प्रभाविका, मातृहृदया, कुशल शासक एवं प्रबल धर्मनिष्ठा पूज्याप्रवर हैं। वे हिन्दू धर्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक महान विभूति थी, शासक रश्मि थी, सृजन रश्मि थी, नेतृत्व रश्मि थी, विकास रश्मि थी। सनातन धर्म की ध्वजवाहिका थी, एक ऊर्जा थी। उन्होंने ने न केवल कुशल-शासक व्यवस्था के मूल्य मानक गढ़े, बल्कि सामाजिकता, सेवा एवं परोपकार के नये आयाम भी उद्घाटित किये। आज जब समाज हिंसा, असहिष्णुता, भ्रष्टाचार और सांस्कृतिक विघटन जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब अहिल्याबाई का जीवन हमारे लिए प्रकाशस्तंभ की तरह है। वे बताती हैं कि नेतृत्व केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज को दिशा देना है। राष्ट्र निर्माण केवल बड़े भाषणों से नहीं, बल्कि सेवा, न्याय और संवेदना से होता है।

# धरती का स्पर्श,स्वस्थ जीवन का आधार :मिट्टी, चुंबकत्व और शरीर की ऊर्जा



ललित गर्ग

**मिट्टी मानव जीवन का मूल आधार है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे भोजन, जल, वनस्पति तथा समस्त जीव-जगत का अस्तित्व मिट्टी पर ही निर्भर करता है। भारतीय संस्कृति में मिट्टी को केवल धूल नहीं माना गया, बल्कि उसे 'धरती माता' का स्वरूप दिया गया है। प्राचीन काल में लोग मिट्टी के घरों, कच्चे आंगनों और खेतों के बीच रहते थे, जिससे उनका प्रकृति से गहरा संबंध बना रहता था।**

मिट्टी में अनेक खनिज तत्व और प्राकृतिक गुण पाए जाते हैं, जो पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी माने जाते हैं। संस्कृत साहित्य में पृथ्वी को धैर्य, सहनशीलता और पालन-पोषण का प्रतीक बताया गया है। अथर्ववेद में कहा गया है- 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' अर्थात् पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं। यह पंक्ति भारतीय संस्कृति में मिट्टी के महत्व को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। मिट्टी केवल अन्न उत्पन्न नहीं करती, बल्कि मनुष्य को प्रकृति से जोड़कर जीवन में संतुलन, शांति और ऊर्जा भी प्रदान करती है। मानव सभ्यता का सबसे गहरा संबंध यदि किसी तत्व से रहा है, तो वह धरती और मिट्टी ही है। मनुष्य का जन्म भी प्रकृति की गोद में हुआ और उसका जीवन हजारों वर्षों तक मिट्टी, जल, वायु और सूर्य के साथ संतुलन बनाकर चलता रहा। प्राचीन भारत में छोटे बच्चों को घर-आंगन की मिट्टी में खेलने देना सामान्य बात थी। बच्चे धूल-मिट्टी में दौड़ते, गिरते, उठते और प्रकृति के बीच बड़े होते थे।

उस समय इसे गंदगी नहीं, बल्कि स्वाभाविक जीवन का हिस्सा माना जाता था। यही कारण था कि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक मजबूत होती थी, शरीर सक्रिय रहता था और मानसिक विकास भी स्वाभाविक रूप से होता था। मिट्टी के संपर्क में रहने से शरीर धीरे-धीरे वातावरण में मौजूद सूक्ष्म जीवों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर लेता था। आज आधुनिक विज्ञान भी यह मानता है कि अत्यधिक कृत्रिम और बंद वातावरण में पलने वाले बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कमजोर हो सकती है। समय के साथ जीवनशैली बदली और आधुनिकता के नाम पर मनुष्य ने स्वयं को प्रकृति से दूर करना शुरू कर दिया। गांवों और शहरों में मिट्टी के आंगन तथा कच्चे फर्श धीरे-धीरे समाप्त होते गए। उनकी जगह सीमेंट, कंक्रीट, मार्बल, कांच और लकड़ी के चमकदार फर्शों ने ले ली। घरों का बाहरी सौंदर्य तो बढ़ा, लेकिन धरती से हमारा सीधा संबंध कमजोर पड़ने लगा। आज बच्चे घरों में बंद होकर मोबाइल, टीवी और कृत्रिम खिलौनों के बीच बड़े हो रहे हैं। नंगे पैर चलना अब पिछड़ेपन की निशानी समझा जाने लगा है। पैरों में हर समय रबड़, प्लास्टिक, चमड़े और अन्य कृत्रिम पदार्थों से बने जूते-चप्पल रहने लगे हैं। परिणामस्वरूप, शरीर का धरती से प्रत्यक्ष संपर्क लगभग समाप्त हो गया है। इसका प्रभाव केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और जीवनशैली पर भी स्पष्ट दिखाई देने लगा है। जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में बता चुका हूं कि भारतीय संस्कृति में धरती को केवल मिट्टी नहीं, बल्कि 'माता' का स्थान दिया गया है। सुबह उठकर धरती को प्रणाम करने की परंपरा इसी भावना को व्यक्त करती है। हमारे ऋषि-मुनि नंगे पैर चलते थे, तपस्या करते थे और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन व्यतीत करते थे।

आयुर्वेद तथा योग में भी मिट्टी और पृथ्वी तत्व को शरीर के संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। भारतीय परंपरा में यह विश्वास रहा है कि मिट्टी में प्राकृतिक ऊर्जा और चुंबकीय गुण विद्यमान होते हैं, जो शरीर को संतुलित रखने में सहायता करते हैं। पृथ्वी स्वयं एक विशाल चुंबक की तरह कार्य करती है और उसका चुंबकीय क्षेत्र प्रत्येक जीवित प्राणी को प्रभावित करता है। जब मनुष्य नंगे पैर धरती पर चलता है, तब शरीर और पृथ्वी के बीच ऊर्जा का स्वाभाविक आदान-प्रदान होता है। आधुनिक समय में इसे 'अर्थिंग' अथवा 'ग्राउंडिंग' जैसे नामों से भी समझाया जा रहा है। अनेक शोध यह संकेत देते हैं कि धरती के संपर्क में रहने से तनाव कम हो सकता है, नींद बेहतर हो सकती है और मानसिक शांति का अनुभव होता है। आज आंखों की कमजोरी, त्वचा रोग, एलर्जी, तनाव तथा मानसिक अस्थिरता जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसके पीछे केवल खानपान या प्रदूषण ही नहीं, बल्कि प्रकृति से बढ़ती दूरी भी एक महत्वपूर्ण कारण मानी जा सकती है। पहले बच्चे मिट्टी में खेलते थे, पेड़ों पर चढ़ते थे, खेतों में दौड़ते थे और खुले वातावरण में अधिक समय बिताते थे। इससे उनका शरीर स्वाभाविक रूप से मजबूत बनता था। अब जीवन एयर कंडीशनर, बंद कमरों और कृत्रिम रोशनी तक सीमित होकर रह गया है। शरीर को सूर्य का प्रकाश कम मिलता है, धरती का स्पर्श नहीं मिलता और प्रकृति से जुड़ाव निरंतर घटता जा रहा है। इसका प्रभाव रोग प्रतिरोधक क्षमता पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों तथा अनेक आदिवासी इलाकों में आज भी लोग प्रकृति के अधिक निकट जीवन जीते हैं। वहां घर-आंगन में नंगे पैर चलना सामान्य बात है। बच्चे मिट्टी में खेलते हैं और लोग खेतों तथा प्राकृतिक वातावरण में अधिक समय बिताते हैं। यही कारण है कि वहां के लोगों में शारीरिक सक्रियता, मानसिक संतुलन और प्राकृतिक जीवनशैली आज भी अपेक्षाकृत अधिक देखने को मिलती है। यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ जुड़ा हुआ एक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक अनुभव भी है। इसका अर्थ यह नहीं है कि आधुनिकता गलत है या हमें पुनः पूरी तरह पुराने समय में लौट जाना चाहिए। आधुनिक सुविधाएं जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाती हैं, लेकिन विकास का अर्थ प्रकृति से पूर्ण दूरी बना लेना नहीं होना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि हम आधुनिक जीवन और प्राकृतिक संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित करें। बच्चों को मिट्टी, पेड़-पौधों और खुले वातावरण से जोड़ना चाहिए। कभी-कभी नंगे पैर घास या मिट्टी पर चलना, घरों में छोटे आंगन और बगीचे बनाना तथा प्रकृति के साथ समय बिताना शरीर और मन दोनों के लिए लाभकारी हो सकता है। धरती केवल रहने का स्थान नहीं, बल्कि जीवन ऊर्जा का आधार है।

# तम्बाकू की लत कर रही है घर-परिवार तबाह



बाल मुकुन्द ओझा

**विश्व तम्बाकू निषेध दिवस हर साल दुनिया भर में 31 मई को मनाया जाता है। यह दिन लोगों को तम्बाकू के खतरों के बारे में जागरूक करने और इसके सेवन को रोकने के लिए मनाया जाता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026 का विषय निकोटीन और तंबाकू की लत के आकर्षण का पर्दाफाश: निकोटीन और तंबाकू की लत का मुकाबला रखा गया है।**

ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, दुनिया भर में हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत तंबाकू सेवन से जुड़ी बीमारियों के कारण होती है, जिनमें लगभग 12 लाख मौतें तो सिर्फ परोक्ष धुएं के चलते होती हैं। तम्बाकू एक मीठा जहर है जो बीड़ी सिगरेट, हुक्का, गुल, गुड़ाकु, जर्दा, किमाम, खैनी, गुटखा अदिधुंवा रहित और धूम्रपानयुक्त कई रूपों में बाजार में उपलब्ध है। तम्बाकू को मीठा जहर इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह प्रारंभ में व्यक्ति को आनंद और ताजगी का अनुभव कराता है, लेकिन इसके दीर्घकालिक उपयोग से स्वास्थ्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। तम्बाकू में निकोटीन होता है, जो एक नशे की लत पैदा करने वाला पदार्थ है। इसके सेवन से हृदय रोग, कैंसर, और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए, इसे मीठा जहर कहा जाता है। तम्बाकू के इस्तेमाल से मुँह, गला, मस्तिष्क, घेंघा, फेफड़ें, पित्ताशय, गुर्दे और स्तन सहित शरीर के विभिन्न अंगों में कैंसर पैदा हो सकता है। तम्बाकू के कारण हृदय रोग, फेफड़े संबंधी रोग, पक्षाघात, अंधापन, दांत और मसूड़े की बीमारियां भी हो सकती है। तम्बाकू के गुटके के रूप में खाने से सफेद दाग, मुँह का नहीं खुल पाना तथा कैंसर रोग भी हो सकता है। लगातार गुटखे या तम्बाकू का सेवन आपके दांत को ढीले और कमजोर बना देते हैं बैक्टीरिया दांतों में जगह बना लेते हैं जिससे दांतों का रंग बदलने लगता है और धीरे-धीरे दांत गलने भी लगते हैं। तम्बाकू या गुटखा लगातार खाने वालों की जीभ, जबड़ों और गालों के अंदर संसेटिव सफेद पेच बनने लगते हैं और उसी से मुंह में कैंसर की शुरुआत होती है जिसके बाद धीरे-धीरे मुंह का खुलना बंद हो जाता है और मुंह में कैंसर फैल जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि दुनिया भर में बढ़ते खाद्य अभाव और तम्बाकू सेवन से हर साल 80 लाख लोगों की मौत के मद्देनज़र, देशों को तम्बाकू की खेती को अनुदान बन्द करना होगा और खाद्य उत्पादन करने में किसानों की मदद करनी होगी।

असल में तम्बाकू के अनेक शारीरिक व आर्थिक नुक्सानको नजरअंदाज नहीं किया जासकता हैं। एक और जहां तम्बाकू के सेवन से कई बीमारियां हों सकती है वहीं दूसरी और यह ग्लोबल फ़ूडक्राइसिस का कारण बन सकता है। यह सर्वविदित है तम्बाकू के सेवन से जीवन शक्ति का भी ह्रास होता है। व्यक्ति को पता चल जाता है कि तम्बाकू का सेवन हानिकारक है किंतु लाख प्रयासों के बाद भी यह लत छूटती नहीं। और जब व्यक्ति किसी भयानक रोग का शिकार हो जाता है तब उसे इसके खतरनाक होने का एहसास होता है मगर तब तक देर हो चुकी होती है। यह सत्य है कि तम्बाकू का प्रयोग किसी भी रूप में किया जाए, इसका शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ता ही है। भारत के साथ ही सम्पूर्ण विश्व में पिछले कुछ सालों में तम्बाकू के सेवन और उससे पीड़ित लोगों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। इस गंभीर लत ने हजारों लोगों को विभिन्न बीमारियों के साथ अकाल मौत के मुँह में धकेल दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तंबाकू और धूम्रपान सेवन से होने वाली हानियों और खतरों से विश्व जनमत को अवगत कराके इसके उत्पाद एवं सेवन को कम करने की दिशा में आधारभूत कार्यवाही करने का प्रयास किया है। तम्बाकू सेवन केवल शरीर के लिए ही हानिकारक नहीं है, यह व्यक्ति की सामाजिक-आर्थिक सिथति को भी कमजोर बनाती है।

# जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने अनुवाद की मूक पशुओं की भाषा

महेन्द्र तिवारी

**मानव सभ्यता के इतिहास में यह इच्छा हमेशा से रही है कि हम अपने आस-पास के मूक पशुओं की भाषा को समझ सकें। पौराणिक कहानियों से लेकर आधुनिक विज्ञान कथाओं तक, जानवरों से बातचीत करने की क्षमता को हमेशा एक जादुई शक्ति या वरदान के रूप में प्रस्तुत किया गया है।**

परंतु वर्तमान समय में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को गहराई से प्रभावित कर रही है, यह प्राचीन स्वप्न भी अब वास्तविकता का रूप लेने लगा है। चीन के एक नए तकनीकी स्टार्टअप ने इस दिशा में एक अत्यंत क्रांतिकारी और साहसिक कदम उठाया है जिसने पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों, पशु प्रेमियों तथा तकनीकी जगत को अचंभित कर दिया है। इस चीनी कंपनी ने एक ऐसा विशेष उपकरण तैयार किया है जो पालतू जानवरों की आवाजों और उनके शारीरिक हाव-भाव का विश्लेषण करके उसे इंसानी भाषा में अनुवाद करने में सक्षम है। इस पूरे आविष्कार में सबसे अधिक ध्यान आकर्षित करने वाली बात यह है कि इस उपकरण के माध्यम से किए जाने वाले अनुवाद को 95 प्रतिशत तक सटीक बताया जा रहा है, जो कि विज्ञान और तकनीक की दुनिया में एक बहुत बड़ा और अभूतपूर्व दावा माना जा रहा है। इस अनोखी और अत्याधुनिक तकनीक को विकसित करने का पूरा गौरव चीन के हांगझोउ शहर में कार्यरत एक नए स्टार्टअप मेंग श्याओयी को जाता है। इस संस्थान ने वर्षों के व्यापक शोध और जटिल परीक्षणों के उपरांत पेट्टीचैट नाम का एक अनूठा स्मार्ट कॉलर बाजार में पेश किया है। यह गले में पहनाया जाने वाला कोई साधारण पट्टा नहीं है, अपितु इसके अंदर कृत्रिम बुद्धिमत्ता की एक पूरी कार्यप्रणाली समाहित है। इस गैजेट की मूल संरचना को शक्ति प्रदान करने के लिए अलीबाबा क्लाउड के सुप्रसिद्ध क्वेन एआई मॉडल का प्रयोग किया गया है। इस मॉडल को विशेष रूप से पशुओं के व्यवहार, उनकी विभिन्न ध्वनियों और मनोदशाओं को समझने के लिए ही तैयार किया गया है। इस पूरी तकनीक को विकसित करने में वैज्ञानिकों और डेवलपर्स को पूरे 2 वर्ष का लंबा समय लगा है। इस लंबी अवधि के दौरान कंपनी ने अनेक अनुभवी पशु चिकित्सकों और पशु व्यवहार विशेषज्ञों का सहयोग लिया ताकि पालतू जीवों के संवाद करने के तौर तरीकों का एक अत्यंत प्रामाणिक और वैज्ञानिक डेटाबेस तैयार किया जा सके जो इस उपकरण को आधार प्रदान कर सके।

इस आधुनिक उपकरण को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से स्टार्टअप ने पालतू पशुओं, मुख्य रूप से कुत्तों और बिल्लियों के लाखों ऑडियो और वीडियो नमूनों को एकत्रित किया और उनका बारीकी से अध्ययन किया। इन संकलित नमूनों में जानवरों के अलग-अलग परिस्थितियों में भौंकने, म्याऊं करने, घुरघुराने तथा उनके बैठने, उठने और पूंछ हिलाने जैसी विभिन्न शारीरिक मुद्राओं को रिकॉर्ड किया गया था। इस विशाल डेटा का विश्लेषण करने के पश्चात ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल को इस योग्य बनाया जा सका कि वह जानवरों के भीतर छिपी भावनाओं के संकेतों को आसानी से पकड़ सके।

जब कोई पालतू पशु इस पट्टे को अपने गले में धारण करता है, तो इसमें स्थापित किए गए बेहद संवेदनशील माइक्रोफोन उसकी आवाजों को तुरंत पकड़ लेते हैं और साथ ही इसमें लगे मोशन सेंसर उसकी शारीरिक गतिविधियों को मापते हैं। यह संपूर्ण प्रक्रिया इतनी तीव्र गति से पूरी होती है कि कुछ ही सेकंडों में सारा डेटा मालिक के स्मार्टफोन में मौजूद एक विशेष ऐप पर भेज दिया जाता है। यह ऐप उस डेटा का अनुवाद करके मोबाइल स्क्रीन पर सीधे छोटे और स्पष्ट वाक्य प्रदर्शित कर देता है, जिससे मालिक को अपने पालतू पशु की स्थिति तुरंत पता चल जाती है। तकनीकी मोर्चे पर इस उपकरण की सबसे बड़ी विशेषता इसके द्वारा किया जाने वाला सटीकता का दावा है। मेंग श्याओयी स्टार्टअप का कहना है कि उनका यह एआई मॉडल पालतू जानवरों की 20 से अधिक विभिन्न प्रकार की संवेगात्मक और मानसिक दशाओं को बिल्कुल सटीक रूप से पहचानने में पूरी तरह सक्षम है।

# दो पुल आरसीसी बॉक्स से होंगे कवर, 24.15 करोड़ रुपए की लागत से होगा निर्माण कार्य

## जोधपुर-भगत की कोठी के बीच बिछेगी तीसरी रेल लाइन

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रेलवे ने जोधपुर से भगत की कोठी के बीच तीसरी रेल लाइन बिछाने की तैयारी तेज कर दी है। लगभग 4 किलोमीटर लंबे इस महत्वपूर्ण रेल अवसंरचना प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल चुकी है और इसे मार्च 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना पर करीब 24.15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि तीसरी रेल लाइन का निर्माण गति शक्ति इकाई के माध्यम से कराया जाएगा, जबकि शहर की दो पुरानी स्टील गर्डर पुलियों को आरसीसी बॉक्स में बदलने का कार्य इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया जाएगा। इस कार्य के लिए 5 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है।

वर्तमान में पुलों के सर्वेक्षण और तकनीकी डिजाइन तैयार करने का कार्य तेजी से चल रहा है। डीआरएम ने बताया कि जोधपुर और भगत की कोठी स्टेशन से जुड़े इस महत्वपूर्ण परियोजना के प्रस्ताव नवंबर 2025 में रेलवे मुख्यालय को भेजे गए थे, जिन्हें अब मंजूरी मिल गई है। परियोजना के तहत दो खतरनाक पुलियों पर लगे पुराने स्टील गर्डरों को हटाकर उनकी जगह आरसीसी बॉक्स लगाए जाएंगे। इससे पुलियों के नीचे से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को ट्रेनों से गिरने वाले पानी की समस्या से राहत मिलेगी तथा सुरक्षा भी बढ़ेगी। इसके अलावा रेलवे ने ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन (टीआरडी) से जुड़े विद्युत कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

विस्तृत अनुमान को वित्त विभाग से मंजूरी मिल चुकी है और फिलहाल टेंडर प्रक्रिया जारी है। मिलेंगे दूरगामी परिणाम रेलवे अधिकारियों के अनुसार तीसरी रेल लाइन बनने के बाद जोधपुर-भगत की कोठी रेलखंड पर ट्रेनों का संचालन अधिक सुचारु होगा। वर्तमान में इस खंड पर यात्री और मालगाडियों का दबाव अधिक रहता है, जिससे कई बार ट्रेनों को सिग्नल या क्रॉसिंग के कारण प्रतीक्षा



करनी पड़ती है। नई लाइन बनने से ट्रेनों की आवाजाही बेहतर होगी और समयपालन में सुधार आएगा। इसके साथ ही मालगाडियों और यात्री ट्रेनों का संचालन अधिक व्यवस्थित ढंग से किया जा सकेगा। जोधपुर यार्ड और भगत की कोठी स्टेशन पर रेक मूवमेंट में तेजी आएगी तथा ट्रैफिक दबाव कम होगा। रेलवे रखरखाव कार्यों के दौरान भी ट्रेनों का संचालन प्रभावित नहीं होगा क्योंकि अतिरिक्त लाइन उपलब्ध रहेगी। परियोजना के तहत पुलों और रेलवे अंडरब्रिजों के सुधार से शहर की यातायात व्यवस्था को भी लाभ मिलेगा। इससे आवागमन अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक होगा तथा लंबे समय में जोधपुर क्षेत्र के रेल ढांचे को मजबूती मिलेगी। रेलवे का मानना है कि यह परियोजना भविष्य में बढ़ते रेल यातायात को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### महिला सशक्तिकरण को मिला नया आयाम

## जायंट्स ग्रुप ऑफ रॉयल लेडीज की महिला सशक्तिकरण पर वर्कशॉप संपन्न



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जॉइंट्स ग्रुप ऑफ रॉयल लेडीज की ओर से महिला सशक्तिकरण विषय पर बैठक आयोजित की गई। फेडरेशन ऑफिसर अध्यक्षा निरूपा पटवा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को बिजनेस ऑपर्च्युनिटी, स्वास्थ्य और आर्थिक समृद्धि से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई।

पटवा ने बताया कि सेमिनार में करीब 60 महिला सदस्य शामिल हुईं। इसमें निशा बुरड, प्रोमिता मेहता, अलका मेहता, ऋतु अरोड़ा, चंद्रा जैन, पूर्णिमा सिंघवी सहित कई सदस्य मौजूद रहीं। विशेष अतिथि के रूप में रचना शाह उपस्थित रहीं तथा संचालन मंजुला ने किया। अंत में तारा सोलंकी ने महिलाओं को व्यापार के माध्यम से एक-दूसरे की मदद और साथ काम कर प्रगति करने की जानकारी दी। सेमिनार में महिलाओं को विभिन्न बिजनेस अवसरों, स्वास्थ्य जागरूकता एवं आर्थिक समृद्धि के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि महिलाओं के लिए आत्मनिर्भर बनने और अपनी आय बढ़ाने के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। ऑनलाइन व्यवसाय से जुड़ी संभावनाओं पर चर्चा करते हुए बताया गया कि विश्वसनीय कंपनियों के साथ जुडक़र महिलाएं बेहतर आय अर्जित कर सकती हैं।

समूह की अध्यक्ष तारा सोलंकी ने कहा कि महिलाओं को एक-दूसरे के व्यवसाय को सहयोग देकर सामूहिक विकास की दिशा में आगे बढना चाहिए। उन्होंने व्यापारिक नेटवर्किंग के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक उन्नति पर बल दिया।

## योग चिकित्सा शिविर में साधकों की नि:शुल्क रक्त जांच

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** केरू पंचायत समिति में चल रहे योग चिकित्सा शिविर में मेडिकल हेल्थ चैकअप का आयोजन किया गया। पतंजलि वैलनेस के योग चिकित्सक प्रमोद कुमार माचरा ने सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में रक्त परीक्षण हेल्थ चैकअप हेतु एक टीम की व्यवस्था की जिसमें डॉ. अंबाचन्द माथुर, डॉ. लाल पथ लैब की ओर से डॉ. सागर सिंधी द्वारा शिविर में भाग ले रहे 36 योग साधकों की नि:शुल्क रक्त जांच की गई। जांच में शुगर, कोलेस्ट्रॉल, हीमोग्लोबिन, बीपी आदि की जांच कर साधकों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। शिविर में पतंजलि जिला प्रभारी लालचंद सिंधी ने नियमित योगाभ्यास से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। शिविर संयोजक योग गुरु प्रमोद शर्मा, आयोजक ललित प्रकाश शर्मा ने बताया कि योग के साथ समय-समय पर स्वास्थ्य जांच भी जरूरी है, जिससे बीमारियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पता लगाया जा सके। इस अवसर पर पंचायत समिति के प्रतिनिधि एक्यूप्रेशर थेरेपिस्ट ओमप्रकाश सिरोडी, गणेश सारण, बुधाराम पिलानिया, सोहन पिलानिया, शैतान सिंह, खींवराज राजपुरोहित, गोपाराम गर्ग, सुखदेव सुथार, रवि सोनी, हेमंत सोनी, वर्षा गौड़ एवं बड़ी संख्या में योगीजन उपस्थित थे।



## पदोन्नति नहीं देने पर पंचायत राज विभाग को नोटिस

### विकास अधिकारी का एक पद सुरक्षित रखने का आदेश

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जोधपुर ने अतिरिक्त विकास अधिकारी से विकास अधिकारी के पद पर होने वाली पदोन्नति में एक पद अपीलार्थी के लिए सुरक्षित रखने का आदेश पारित किया। पिण्डवाड़ा जिला सिरोही निवासी हरीराम माली वर्तमान में सहायक विकास अधिकारी के पद पर पंचायत समिति सिरोही जिला सिरोही में कार्यरत है। उन्होंने पंचायती राज विभाग द्वारा जारी अतिरिक्त विकास अधिकारी की अस्थाई वरिष्ठता सूची के विरूद्ध आपति दर्ज करवाते हुए उसके निस्तारण नहीं करने एवं उसके निस्तारण से पूर्व ही विभाग द्वारा वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 की रिक्तियों के विरूद्ध अतिरिक्त विकास अधिकारी से विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु स्थाई वरिष्ठता सूची जारी करने के विरूद्ध एक अपील अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की। अपीलार्थी के अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा का अधिकरण के समक्ष यह तर्क था कि अपीलार्थी ने पूर्व में अधिकरण के समक्ष सहायक विकास अधिकारी से अतिरिक्त विकास अधिकारी के पद के लिए एक अपील अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की थी एवं उस अपील को अधिकरण ने अपीलार्थी के पक्ष में स्वीकार करते हुए अपीलार्थी को अतिरिक्त विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु पात्र पाया था। इसके बावजूद भी पंचायत राज विभाग द्वारा उसे सहायक विकास अधिकारी से अतिरिक्त विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु पदोन्नत ना कर विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नति देने हेतु स्थाई वरिष्ठता सूची जारी कर दी गई। जिस कारण अपीलार्थी को विकास अधिकारी के पद पर अपीलार्थी को पदोन्नति से वंचित किया जा रहा है। अधिकरण के निर्णयानुसार पहले रिव्यू पदोन्नति कर अपीलार्थी को सहायक विकास अधिकारी से अतिरिक्त विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नति प्रदान करनी चाहिये थी एवं उसके पश्चात् अपीलार्थी का नाम अतिरिक्त विकास अधिकारी से विकास अधिकारी की सूची में सम्मिलित करना चाहिए जबकि विभाग द्वारा उसका नाम अतिरिक्त विकास अधिकरी की सूची में सम्मिलित नहीं किया गया और ना ही उसे अतिरिक्त विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नति की गई। इस संदर्भ में अपीलार्थी द्वारा विभाग के समक्ष आपति भी दर्ज करवाई गई लेकिन विभाग द्वारा अपीलार्थी की आपति पर कोई निर्णय नहीं किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए अधिकरण ने पंचायत राज विभाग द्वारा अतिरिक्त विकास अधिकारी से विकास अधिकारी के पद पर होने वाली पदोन्नति में अपीलार्थी के लिए एक पद सुरक्षित रखने का आदेश पारित रखते हुए पंचायत राज विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया।

## पुरुषोत्तम मास में भागवत कथा सप्ताह आठ जून से



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर एम्स रोड स्थित वैद्यराजजी बेरा के परमानंद बालाजी मंदिर में आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के बैनर का विमोचन रामानन्दाचार्य जगद्गुरु वैदेही वल्लभ देवाचार्य महाराज के करकमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता भागवत नंदन सचिन महाराज ने बताया कि 8 जून से 14 जून तक मंदिर परिसर में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिमास (पुरुषोत्तम मास) में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से श्रद्धालुओं को अनंत गुना पुण्य फल की प्राप्ति होती है। कथा आयोजन के दौरान प्रतिदिन प्रात:काल पूजन एवं हवन होगा, वहीं दोपहर 3.30 बजे से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। पोस्टर विमोचन के अवसर पर संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं ने कथा आयोजन की सफलता की कामना करते हुए इसे धर्म, भक्ति एवं संस्कारों के प्रसार का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

### जनगणना कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रगणक व पर्यवेक्षक सम्मानित

## नगर निगम में सम्मान समारोह का आयोजन

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम जोधपुर कार्यालय में शनिवार को जनगणना 2027 के अंतर्गत एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम जोधपुर क्षेत्र में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य को त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से संपादित करने वाले प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को सम्मानित किया गया।

नगर निगम के आयुक्त राहुल जैन के निर्देशन में प्रत्येक सप्ताह उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में इस सप्ताह भी निगम कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रत्येक चार्ज स्तर से चार्ज अधिकारियों द्वारा चयनित दो प्रगणकों एवं एक पर्यवेक्षक को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में नगर निगम जोधपुर के सभी आठों जोनों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को आयुक्त राहुल जैन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुल



24 कार्मिकों (16 प्रगणक एवं 8 पर्यवेक्षक) को निगम सभागार में सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयुक्त ने जनगणना कार्य में लगे पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों से उनके कार्य अनुभवों की जानकारी प्राप्त की तथा सभी का उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने जनगणना के आंकड़ों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के महत्व पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की भावी योजनाओं एवं विकास नीतियों की मजबूत आधारशिला है। आयुक्त ने सभी कार्मिकों से जनगणना कार्य को पूर्ण समर्पण, जिम्मेदारी एवं गुणवत्ता के साथ सम्पन्न करने का आह्वान किया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## नौ माह बाद भी शारीरिक शिक्षकों का स्थायीकरण नहीं,शारीरिक शिक्षक संघ ने संसदीय कार्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष हापुराम चौधरी व प्रदेश संयुक्त संगठन मंत्री महेंद्र जयपाल ने आज सर्किट हाउस में संसदीय कार्य, विधि व न्याय मंत्री जोगाराम पटेल से मिलकर 2022 की भर्ती के शारीरिक शिक्षकों के स्थायीकरण व वेतन नियमितीकरण की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने मंत्री को अवगत करवाया कि 2022 की भर्ती के शारीरिक शिक्षक जिनके दस्तावेज सत्यापित कर लिए गए हैं एवं सही पाए गए हैं, उनका स्थायीकरण व वेतन नियमितीकरण तुरन्त किया जाए। ये कार्मिक जांच लंबित है के नाम पर आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान हैं। साथ ही स्थायीकरण नहीं होने के कारण इनको परिवार का खर्चा चलाना दूभर हो रहा है। विभाग के द्वारा जांच के बाद सही पाए गए अभ्यर्थियों का तुरन्त स्थायीकरण किया जाए। जिन कार्मिकों के दस्तावेज संदिग्ध लग रहे हैं उन्हें रोक सकते हैं, लेकिन सही को आर्थिक व मानसिक पीड़ा से बचाया जाना चाहिए। विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने जल्द न्यायोचित व सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## रेलकर्मी की सजगता से यात्री को सुरक्षित मिला मोबाइल

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जोधपुर रेल मंडल के कीमैन की सजगता से यात्री को गुम हुआ मोबाइल सुरक्षित मिला। जानकारी के अनुसार आबूरोड निवासी बलकेश मीना गत 28 मई को जोधपुर-हडपसर एक्सप्रेस से जनरल कोच में यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान यात्री बलकेश को झपकी आने पर मोबाइल रेलवे ट्रैक के पास गिर गया। यात्री ने रेलवे कोच में पता किया, लेकिन मोबाइल नहीं मिला। यात्री ने आबूरोड पहुंच कर अपने स्वयं के नम्बर पर काल लगाया तो काल कीमैन सुरेश सोलंकी ने काल रिसीव किया और बताया कि आपका मोबाइल लूनी-हनवंत के बीच रेलवे ट्रैक पर मिला है।

## वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. सुनील गर्ग को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** वरिष्ठ आचार्य एवं प्रख्यात न्यूरोसर्जन डॉ. सुनील गर्ग के सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन आरएमसीटीए द्वारा किया गया। समारोह में चिकित्सा शिक्षा एवं न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम में डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. बीएस जोधा ने डॉ. गर्ग की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने लंबे सेवाकाल में मरीजों के प्रति सदैव मानवीय दृष्टिकोण अपनाया। उन्होंने सैकड़ों राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रस्तुत कर न्यूरोसर्जरी विभाग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। चिकित्सा शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। आरएमसीटीए अध्यक्ष डॉ. विहान चौधरी ने डॉ. गर्ग की विभिन्न उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उनके समर्पण, कार्यकुशलता और चिकित्सा क्षेत्र में दिए गए योगदान की प्रशंसा की। समारोह के अंत में सचिव डॉ. राहुल मीणा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. फतेह सिंह भाटी व डॉ. योगीराज जोशी, एमडीएम अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित, उम्मेद अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मोहन मकवाना, डॉ. सीआर चौधरी सहित केएन चेस्ट चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक एवं बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर विधानसभा के शास्त्री नगर ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास गोदारा ने बताया कि जोधपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज झालामंड मंडल में केन्द्र व राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण बढ़ती मंहगाई ,बेरोजगारी, नीट पेपर लीक व पानी बिजली, रोड़ ,सीवरेज, सफाई व्यवस्थाओं को लेकर उत्पन्न समस्याओ के विरूद्ध कांग्रेस कार्यकर्तओ ने जन अधिकार यात्रा निकाली,जिसमें स्थानीय जनता की भी भागीदारी रही। राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर सरकार को चेताया कि जोधपुर में पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर स्थानीय महिलाओं ने खाली पानी के मटके फोड़ कर विरोध प्रदर्शन किया।

पूर्व विधायक मनीषा पंवार ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जोधपुर में जनता कि समस्याओं का समाधान नही हुआ तो हर वार्ड स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्त्ता जनता के साथ मिलकर को उग्र आंदोलन करेगी और सरकारी विभागों में प्रशासन जनता की समस्याओं की सुनवाई नही करता सरकार जोधपुर में पीने के पानी समय पर नही दे पा रही है, चार-चार दिन में एक बार दिन में पानी की आपूर्ति कर रहे है।गर्मी में बिजली आपूर्ति नही कि जा रही।बार बार हाई , लो वोल्टेज होने से जनता के घरों में उपकरण जल रहे है।

लोगो कि समस्या सुनने वाला कोई नही है। इसी क्रम में जिला महासचिव व ब्लॉक प्रभारी लियाकत अली रंगरेज ने भी बढति मंहगाई बेरोजगारी पर बात रख सरकार को घेरा।कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने पैदल मार्च निकाल नारेबाजी की, जिसमें प्रदेश सचिव नरपत पन्नू, विमला गुर्जर, भंवर सियोल, सुरेश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश जोशी, परसराम प्रजापति, रामेश्वर गुर्जर, निवर्तमान पार्षद मूमल प्रजापत,नेनाराम प्रजापत, मंडल



अध्यक्ष नारायण सिंह राजपुरोहित ,श्याम लांबा , ज्ञानेश्वर सिह भाटी, समंदर सिंह, ,मुनालाल प्रजापत, उगमराज प्रजापत, विश्नाराम प्रजापत,बाबूलाल प्रजापत, बाबूखां तेली, अमर सिंह, नीलम सामरिया,सतोष पंवार, शिव लोदवाल,इन्द्रा विश्नोई, भीवराज,धनराज, प्रवीण,श्याम प्रजापत, जोगसिह,अविनाश श्याम उपस्थित रहे।

# आयुर्वेद विवि व राजूवास बीकानेर में एमओयू आयुर्वेद और पशु चिकित्सा विज्ञान के समन्वय से शोध क्षेत्र में स्थापित होंगे नए आयाम

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ल एवं राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरिनरी एंड एनिमल साइंसेज (राजूवास) बीकानेर के कुलपति प्रो. सुमंत व्यास की गउपस्थिति में शैक्षणिक, अनुसंधान एवं नवाचार गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एमओयू संपादित किया गया। कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ल ने बताया कि इस समझौते के माध्यम से दोनों विश्वविद्यालय पारस्परिक हित के क्षेत्रों में शिक्षण, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं अकादमिक गतिविधियों के विकास हेतु संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद एवं पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में अंतर्विषयक सहयोग से नवीन शोध संभावनाओं को बल मिलेगा तथा समाजोपयोगी अनुसंधान को नई दिशा प्राप्त होगी। राजूवास, बीकानेर के कुलगुरु प्रोफेसर सुमंत व्यास ने कहा कि यह समझौता दोनों संस्थानों के मध्य ज्ञान, संसाधनों एवं विशेषज्ञता के आदान-प्रदान को सुदृढ़ करेगा तथा पशु स्वास्थ्य, जैव विविधता, पारंपरिक चिकित्सा एवं नवाचार आधारित अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस अवसर पर संजीवनी आयुर्वेद चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. ए. नीलिमा रेड्डी, स्नातकोत्तर कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार सिंघल सहित दोनों विश्वविद्यालयों के अधिकारी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। अनुसंधान गतिविधियों को मिलेगा बल समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान शिक्षण एवं अनुसंधान गतिविधियों से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान, संयुक्त शोध परियोजनाओं का संचालन, अकादमिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा उपलब्ध अनुसंधान एवं शैक्षणिक संसाधनों के साझा उपयोग के लिए सहयोग करेंगे। इसके अतिरिक्त दोनों संस्थानों के शोधार्थियों, शिक्षकों एवं विशेषज्ञों को परस्पर शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ भी प्राप्त होगा। एमओयू के प्रावधानों के अनुसार संयुक्त रूप से किए गए अनुसंधान कार्यों के निष्कर्षों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नलों तथा वैज्ञानिक सम्मेलनों में प्रकाशित एवं प्रस्तुत किया जा सकेगा। साथ ही बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) से संबंधित विषयों पर भी दोनों संस्थान परस्पर सहमति के आधार पर कार्य करेंगे।



## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026

# रविवार एवं सोमवार को होंगे जनजागरूकता, स्वच्छता एवं श्रमदान आधारित विभिन्न आयोजन

**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार मरूस्थलीय जैसलमेर जिले में संचालित 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' के तहत जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं जनजागरूकता को लेकर निरंतर व्यापक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

अभियान के तहत आगामी रविवार एवं सोमवार को जिलेभर में जनभागीदारी आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर अनुपमा जोरवाल ने बताया कि अभियान के तहत रविवार, 31 मई को ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय स्तर पर प्रभात फेरियां, जागरूकता रैलियां, साइकिल रैलियां एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अलावा पशु खेलियों, बावड़ियों एवं अन्य जल स्रोतों की साफ-सफाई, पक्षियों के लिए परिंडे बांधने तथा महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्वच्छता जैसे जनहितकारी कार्यक्रम भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा रहेंगे। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में 01 जून, सोमवार को सुक्ष्म सिंचाई पद्घतियों, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर तकनीक, जैविक खेती एवं जल संरक्षण पर आधारित कृषि तकनीकों पर कार्यशालाएँ एवं किसान चौपाल आयोजित होगी। इसके साथ ही इसी दिन कृषि विज्ञान केन्द्रों पर संगोष्ठियों के माध्यम से किसानों को आधुनिक जल प्रबंधन तकनीकों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

# वैष्णव वैरागी एकता समिति की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** वैष्णव वैरागी एकता समिति (रजिस्टर्ड) राजस्थान के त्रिवार्षिक चुनाव संरक्षक मांगीलाल नारवा एवं इंजीनियर हापूदास खाबड़ा की देखरेख में सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को दायित्व एवं पद की शपथ दिलाई गई। चुनाव में जानकीदास थोब को अध्यक्ष, गोरधनदास गुड़ामालानी, नरसिंहदास सुमेरपुर, बाबूदास बालोतरा एवं मदनदास नारनाड़ी को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं एडवोकेट धनराज वैष्णव को महासचिव, बीरमदास लुणावास को कोषाध्यक्ष तथा दुर्गादास तिवरी एवं सूरजदास बडलिया को सह सचिव का दायित्व सौंपा गया। इसी प्रकार किशनदास जानवी को संगठन सचिव तथा गिरधारी वैष्णव लीलिया, नेनदास रोहीचा, प्रेमदास अनवाना एवं धेनदास शिकारपुरा को प्रचार प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा 21 कार्यकारिणी सदस्यों को भी विभिन्न दायित्वों की शपथ दिलाई गई। समिति लंबे समय से पुजारियों के हितों के लिए कार्यरत है। पुजारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु समिति द्वारा समय-समय पर कई याचिकाएं प्रस्तुत की जा चुकी हैं। इसके साथ ही समिति समाज हित में गरीब विद्यार्थियों, बेटियों एवं महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यशालाओं का आयोजन करती रही है। समिति द्वारा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, संस्कारों एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से समय-समय पर शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। नवगठित कार्यकारिणी ने समाज एवं पुजारी वर्ग के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# बजरंग दल का प्रशिक्षण वर्ग आज

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दक्षिण जिला की ओर से कार्यकर्ता में शौर्य पराक्रम के साथ शारीरिक मानसिक बौद्धिक रूप से विकसित होने के लिए एक दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग रविवार सुबह सात बजे नहर रोड के गणपति नगर की इंडिगो पब्लिक स्कूल में आयोजित होगा। जिला मंत्री विवेक महर्षि ने बताया कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसी के उद्देश्य से धर्म संस्कृति से ओतप्रोत संस्कारवान युवा के निर्माण हेतु बजरंग दल के वर्ग हर बार आयोजित होते हैं। वर्तमान में युवाओं में राष्ट्र भक्ति का संचार जागृत करने व शारीरिक मजबूती के साथ बौद्धिक रूप से विकसित होने के लिए वर्ग होगा। बजरंग दल संयोजक हिमांशु चांडक ने बताया कि जिले के सभी प्रखंड के बजरंग दल के युवा जिनकी आयु 15 से 35 वर्ष होगी उनको वर्ग में प्रशिक्षित किया जाएगा। चार बौद्धिक सत्र के होने वाले वर्ग में सुबह शाम शारीरिक व्यायाम, योग के साथ नियुद्ध लाठी तलवार का अभ्यास कराया जाएगा। वर्ग की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# शुक्रवार दोपहर को श्रीडूंगरगढ़ में छाई काली पीली आंधी,पीछे बरसे बादल गिरे ओले

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शनिवार को नौतपा 6ठें दिन शनिवार को नौतपा पूरी तरह से ठंडा हो गया है। चूरू बीकानेर क्षेत्र में भयंकर तेज रेत के बवंडर ने हर गांव को घेर लिया और जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया। दोपहर करीब सवा तीन बजे क्षेत्र में काली पीली आंधी छा गई और दोपहर में ही रात सा अंधेरा छा गया। तेज हवाओं से नुकसान भी हुआ जिसका आंकलन किए जाने में समय लगेगा। अंधड़ से ऐसा अंधेरा छाया कि सोलर लाइटें जल उठी। लोगों ने घरों की खिड़कियां दरवाजे बंद किए। दुकानों के शटर डाउन करने पड़े और हाइवे पर वाहनों की गति थम गई। तेज अंधड़ के बाद तेज हवा के साथ अच्छी बरसात हुई है। श्रीडूंगरगढ़ की उत्तरादी दिशा में चने के आकार के ओले भी गिरे। क्षेत्र में सरदारशहर व लूणकरणकर की ओर से आए अंधड़ पूरे उपखंड क्षेत्र में छा गया। गांव आड़सर, लिखमादेसर, सुरजनसर, लोढ़ेरा, जालबसर, पूनरासर, गुसाईंसर बड़ा, श्रीडूंगरगढ़, बिग्गा, बिग्गाबास रामसरा, कितासर बीदावतान, जैसलसर, अभयसिंहपुरा, हेमासर, रीड़ी, बाना, कल्याणसर, देराजसर तक पूरे अंचल में तेज अंधड़ ने सताया। गांव धनेरू में बरसात के साथ ओले गिरे। वहीं हल्की बरसात ने खूब राहत दी है। शाम को तेज ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आ गई और अंचल में नौतपा की गर्मी जैसे ठंडी हो गई है। दो स्थानों पर लगी आग,पहुंची दमकल, कथा पांडाल का टैंट फटा तेज अधंड के दौरान ही मोमासर बास में जोशी अस्पताल के पीछे एक घर में आग लगी। यहां तेज अंधड़ में अलर्ट नगरपालिका की दमकल तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। उसी समय झंवर बस स्टैंड पर एक फैक्ट्री के बाहर पड़े पाइपों में आग लग गई। आग खुले में लगी थी और हवा के तेज रूख के साथ बढ़ने लगी। कुछ ही देर में यहां दमकल पहुंच गई और बरसात भी शुरू हो गई। आग पर काबू पा लिया गया। दोनों ही स्थानों पर बहुत अधिक नुकसान नहीं होना बताया गया। सेवा समिति ने जारी किए नबंर, घायल पंछियों की आप भी करें मदद। तेज हवाओं से दर्जनों पंछी और घोसलें पेड़ों से गिरे होंगे और इन घायल हुए पशु पक्षियों के लिए सेवा समिति ने आपातकाल नबंर जारी किए है। समिति अध्यक्ष जतनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि पूरे अंचल में कहीं भी कोई घायल पशु पक्षी नजर आए तो आमजन सेवा समिति को 8455818181 नबंर पर संपर्क कर सूचना दे सकते है। जिससे समिति वाहन द्वारा उनका रेस्क्यू कर घायलों जीवों का उपचार करवाया जा सकें।

# सवासणी स्वाध्याय एवं आवासीय कोचिंग केन्द्र का लोकार्पण आज

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** स्व. चंडीदान रत्नू की स्मृति में निर्मित सवासणी स्वाध्याय एवं नि:शुल्क आवासीय कोचिंग केन्द्र के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण समारोह 31 मई को प्रात: 8.30 बजे गांव चौपासनी चारणान में आयोजित किया जाएगा। यह भवन स्व. हरीसिंह रत्नू द्वारा तीन बीघा भूमि पर 11 लाख रुपए से अधिक की लागत से निर्मित कराया गया है। ग्रामीण प्रतिभाओं को नि:शुल्क आवासीय सुविधा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित यह केन्द्र शिक्षा, संस्कार और सामाजिक उत्थान का नया आयाम माना जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में अखिल भारतीय चारण गढ़वी समाज के अध्यक्ष सीडी देवल, पाली सांसद पीपी चौधरी, ओसियां विधायक भैराराम सियोल, सीडी आढ़ा, रतन कंवर चारण तथा सिद्धार्थ सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन चारण साहित्य शोध संस्थान अजमेर के महामंत्री डॉ. सरोज लखावत द्वारा किया जाएगा।

# वंदे गंगा जल संरक्षण के लिए जन-जागरण साइकिल रैली आज

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' के अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार, 31 मई को प्रात: 6:30 बजे जन-जागरण साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों सहित लगभग 400 युवा प्रतिभागी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

साइकिल रैली के माध्यम से जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण तथा जनसहभागिता के महत्व का संदेश आमजन तक पहुंचाया जाएगा। साइकिल रैली को जिला कलक्टर कार्यालय परिसर से संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। इसके पश्चात रैली पावटा सर्किल, नई सड़क चौराहा, खासबाग चौराहा, पुलिस लाइन, के.एन. कॉलेज, राईका बाग पुलिया एवं पावटा चौराहा होते हुए पुन: जिला कलक्टर कार्यालय पहुंचेगी। रैली के दौरान प्रतिभागी जल संरक्षण से संबंधित संदेशों एवं नारों के माध्यम से नागरिकों को जल के विवेकपूर्ण उपयोग तथा भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों के संरक्षण हेतु प्रेरित करेंगे। 'वंदे गंगा' अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास राज्य सरकार द्वारा संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करना है। अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों के संरक्षण, जल संचयन संरचनाओं के पुनर्जीवन, पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साइकिल रैली इसी अभियान की कड़ी के रूप में आयोजित की जा रही है, जिससे युवाओं एवं नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए प्रेरित किया जा सके। यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं के लिए किए गए विशेष प्रबंध रैली के सुचारू संचालन के लिए संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। प्रतिभागियों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत संबंधित विभागों एवं पुलिस प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध किए जाएंगे। साइकिल रैली के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद जोधपुर को नियुक्त किया गया है, जो आयोजन की समस्त व्यवस्थाओं का समन्वय एवं संचालन सुनिश्चित करेंगे।

# मंत्री बिना रुके निकले,किसानों हुए आक्रोशित

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के महाजन क्षेत्र में कंवरसेन लिफ्ट नहर से लगातार हो रही पानी चोरी को लेकर किसानों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर शनिवार को बड़ी संख्या में किसान मेहराना प्याऊ के पास एकत्रित हुए। किसान कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा को ज्ञापन सौंपकर नहर में हो रही पानी चोरी पर रोक लगाने और किसानों को पर्याप्त सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने की मांग करने पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार महाजन क्षेत्र से गुजरने वाली कंवरसेन लिफ्ट नहर से इन दिनों लगातार पानी चोरी हो रही है। इससे मोखमपुरा, घेसुरा और रामबाग सहित आसपास के गांवों के किसानों में भारी नाराजगी है। किसानों का कहना है लगातार पानी चोरी होने से नहर में पानी का स्तर घट रह और टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। इसके चलते र प्रभावित हो रही है तथा फसलों को नुकसान उठाना पड़ रहा। कैबिनेट मंत्री के कार्यक्रम से पहले ही सैकड़ों किसान राष्ट्रीय राजमार्ग-62 स्थित मेहराना फांटे पर पहुंच गए थे।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण का निरीक्षण

# नगर जनगणना अधिकारी ने किया क्षेत्रीय निरीक्षण, 70 से 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण



**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण में संचालित मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य को लेकर जैसलमेर नगर परिषद क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की जा रही है। निदेशक एवं मुख्य प्रमुख जनगणना अधिकारी, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार नगर परिषद जैसलमेर में जनगणना सेल का गठन कर कार्य को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। नगर जनगणना अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद जैसलमेर लजपाल सिंह सौढ़ा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण के उपरांत 16 सुपरवाइजर एवं 93 प्रगणकों को हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) आवंटित किए गए हैं। इनके माध्यम से 16 मई से प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रारंभ किया गया, जो निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को चार्ज जनगणना क्षेत्र के अंतर्गत सुपरवाइजर आशा छंगाणी को आवंटित एचएलबी संख्या 36, 37, 40, 41 एवं 42 का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्रों में किए जा रहे कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति का अवलोकन किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि संबंधित प्रगणकों एवं सुपरवाइजर द्वारा कार्य अत्यंत व्यवस्थित एवं संतोषजनक ढंग से किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में लगभग 70 से 80 प्रतिशत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के प्रति कार्मिकों की प्रतिबद्धता एवं दक्षता को दर्शाता है।

# झूलते तारों से टकराया ट्रक,आग लगी

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शनिवार दोपहर को आए रेत के बवंडर से कई स्थानों पर नुकसान की खबरें सामने आई है। कहीं बिजली पोल टूट गए तो कहीं किसी की झोपड़ी उड़ गई। कई स्थानों पर पेड़ टूट गए तो कुछ स्थानों टीनशेड उडने के सामाचार भी मिले है। इसी तरह नोखा क्षेत्र में झूलते बिजली के तार एक खड़े ट्रक से टकरा गए, जिससे हादसा हो गया। ट्रक में आग लग गई, गनीमत रही कि ट्रक ड्राईवर ने कूदकर अपनी जान बचा ली। हालांकि वह आग से झुलस गया, जिसे राहगीरों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा बीकासर गांव में हुआ, जहां बवंडर के समय एक ट्रक बिजली की तारों से टकरा गया। जिससे ट्रक में आग लग गई। ट्रक में ड्राईवर बाड़मेर निवासी राम था, जो आग की चपेट में आने से झुलस गया। गनीमत रही कि समय रहते वह ट्रक से बाहर निकल गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और ट्रक में लगी आग पर काबू पाया।

# खारा निवासी कांस्टेबल रमेश खिलेरी का सड़क हादसे में निधन, गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी अंतिम विदाई


**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के खारा गाँव निवासी ओर भोजासर थाना में तैनात खारा निवासी कांस्टेबल रमेश खिलेरी पुत्र बिरबलराम खिलेरी (शिमला खारा) का सड़क दुर्घटना में दुखद निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

शनिवार को उनके पैतृक गांव खारा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर राजस्थान पुलिस के जवानों ने दिवंगत कांस्टेबल रमेश खिलेरी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम सलामी दी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, परिजन, मित्रगण एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। अंतिम सलामी के दौरान माहौल अत्यंत भावुक हो गया। उपस्थित लोगों ने नम आंखों से अपने प्रिय कांस्टेबल को अंतिम विदाई देते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने उनके कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं मिलनसार व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि रमेश खिलेरी ने अपने सेवाकाल में ईमानदारी और समर्पण के साथ पुलिस विभाग की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनके निधन से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। ग्रामीणों ने इसे अपूरणीय क्षति बताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस दु:ख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें तथा परिजनों को यह असहनीय दु:ख सहन करने की शक्ति दें।

# पर्यावरण दिवस पर वृक्ष बंधु पुरस्कार समारोह पांच को

## ओरण और गोचर संरक्षण के लिए महंत नारायणगिरी होंगे सम्मानित

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आध्यात्मिक क्षेत्र पर्यावरण संस्थान की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को 39वां वृक्ष बंधु पुरस्कार समारोह होगा। संस्थापक अध्यक्ष रामजी व्यास ने बताया कि समारोह सुबह 10 बजे प्रतापनगर स्थित महिला पीजी कॉलेज में होगा। इस वर्ष का वृक्ष बंधु पुरस्कार खोखरी माता तिंवरी के महंत नारायणगिरी महाराज को ओरण और गोचर भूमि संरक्षण, चारागाह निर्माण तथा पौधरोपण में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाएगा। समारोह में पूर्व न्यायाधीश गोपाल कृष्ण व्यास मुख्य अतिथि होंगे। आईजी बीएसएफ एमएल गर्ग अध्यक्षता करेंगे। विहिपी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राम गोयल अति विशिष्ट अतिथि रहेंगे। गीता धाम तिंवरी की वरिष्ठ गीता पाठी पुष्पा बहन जोशी, समाजसेवी राजेंद्र बाहेती व संदीप पुरोहित सहित कई अतिथि मौजूद रहेंगे। समारोह में स्वर्ण पदक एवं प्रशंसा पत्र के तहत राजमाता कृष्णा कुमारी पुरस्कार विवेक अग्रवाल, एडवोकेट मघराज सिंघवी पुरस्कार विकास कुमार पाठक आईजी बीएसएफ, अनमोल र7 पुरस्कार डॉ. रतन पुरोहित, सम्राट पुरस्कार मनोहरसिंह खींची और रूख भाईला पुरस्कार दुर्गाराम पटेल को दिया जाएगा। रजत पदक व प्रशंसा पत्र श्रेणी में गोवर्धन हेड़ाऊ पुरस्कार विक्रमसिंह राजपुरोहित, सम्राट पुरस्कार महेंद्रपाल सिंह राठौड़ उप कमांडेंट बीएसएफ, जल पुत्र पुरस्कार पद्मजा राठौड़ तथा हरिराम व्यास पुरस्कार गोपीकिशन बोड़ा को दिया जाएगा। श्रीकिशन जोशी भक्ति संगीत पुरस्कार पाली के दुर्गाराम आर्य, प्रो. डीडी हर्ष भक्ति संगीत पुरस्कार नेहा बोड़ा और फलोदी के हनुमानराम, फतेह कुमारी व्यास सुर कोकिला पुरस्कार कीर्ति जोशी मूथा तथा महेंद्रसिंह नगर पुरस्कार जय श्याम मंडली के महंत रामूभाई रामचंदानी को दिया जाएगा। वन वात्सल्य पुरस्कार नरेंद्र कुमार शर्मा व रोटरी क्लब, आईजी बीएसएफ के निजी सचिव नरेश, सुनील कल्ला, कार्तिकेय जोशी, अन्नदया फाउंडेशन, एडवोकेट अल्का बोहरा और गोबरराम बोस को भी सम्मानित किया जाएगा



# 46 पव्वे अवैध,शराब जब्त, आरोपी फरार

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में जसरासर थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 46 पव्वे लॉयन ब्रांड देशी सादा मदिरा बरामद की है। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से कट्टा छोड़कर फरार हो गया, जिसकी पहचान हिमटसर निवासी डालाराम के रूप में की गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी बालाजी कॉलोनी के पास अवैध शराब लेकर खड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को देखकर आरोपी झाडियों का फायदा उठाकर भाग निकला। मौके पर छोड़े गए कट्टे की तलाशी में 46 पव्वे देशी शराब मिले, जिनमें से एक पव्वा सैंपल के रूप में लेकर शेष शराब जब्त कर ली गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ राजस्थान आबकारी अधिनि के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तेज अंधड़ के बाद दो जगह लगी आग: दमकल पहुंची मौके पर बीकानेर ।डूंगरगढ में शनिवार दोपहर को आई तेज काली पीली आंधी के बाद चली तेज प्रचंड हवाओं के ने हालत बिगाड़कर रख दिए । डूंगरगढ़ शहरी क्षेत्र में दो जगह आग लगने की घटना सामने आई है। रीको इंडस्ट्रियल एरिया के पास आग लगने की सूचना सामने आई जबकि दूसरी मोमासर बास श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम के पास आग लगी इस घटना में किसी भी तरह से कोई जनहानि नहीं हुई।

## ईमानदारी की मिसालः सब्जी मंडी में छूटे 50 हजार रुपए, व्यापारियों ने ढूंढकर मालिक को लौटाए



**पीपाड़ शहर ( हुक्मनामा समाचावर )।** स्थानीय माली सैनी सेवा संस्थान सब्जी मंडी में आज ईमानदारी और आपसी विश्वास की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली।पीपाड निवासी नरपत कच्छवाह सब्जी मंडी स्थित बुदाराम सांखला की फ्रूट पेडी पर भूलवश अपनी थैली जिसमे 50000 रुपए थे व्व भूलवश छोड़ गए थे। रुपए छूटने का पता चलते ही बुधराम सांखला केपुत्र एवं मंडी के अन्य सभी फ्रूट पेडी व्यापारियों ने अपनी ईमानदारी का परिचय दिया। उन्होंने रुपयों से भरा पैकेट सुरक्षित रखा और तुरंत इसकी सूचना संस्था के पदाधिकारियों को दी।इसके बाद माली सैनी सेवा संस्थान के अध्यक्ष पदम सिंह कच्छावाह एवं प्रबुद्ध पंचगणों चेनाराम तँवर, बाबूलाल टाक, सत्यनारायण भाटी, अशोक मेडिकल, और सुरेंद्र टाक सहित मंडी के अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में नरपत राम को उनकी पूरी राशि सकुशल वापस लौटा दी गई।अपनी गाढ़ी कमाई वापस पाकर नरपत राम ने सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं अध्यक्ष पदम सिंह कच्छावाह और पंचगणों ने फ्रूट पेडी व्यापारियों की इस अनुकरणीय ईमानदारी की खुले दिल से सराहना की और पूरी मंडी के व्यापारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।मंडी व्यापार मंडल और स्थानीय समाज ने इस सराहनीय कार्य की घूरि-भूरि प्रशंसा की है जो आज के समय में ईमानदारी की एक बड़ी मिसाल है।

## राजस्थान पुलिस की बड़ी पहल

## ANTF और जिला पुलिस जोधपुर ग्रामीण द्वारा जोधपुर ग्रामीण जिले को नशामुक्त बनाने का संकल्प

**पीपाड़ शहर ( हुक्मनामा समाचावर )।** वर्तमान में बढते नशे से युवाओं को बचाने के लिए जोधपुर ग्रामीण जिले में पुलिस के साथ,हृञ्जस्न द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीण जिले को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स जयपुर विकास कुमार के अधीन जोधपुर ग्रामीण चौकी के अंतर्गत जोधपुर ग्रामीण जिले में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को जड़ से खत्म करने के लिए एंटी नारकोटिक्स विभाग अब पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गया है।

अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एम. एन. और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के महानिरीक्षक विकास कुमार के विशेष दिशा-निर्देशों के तहत शनिवार को सुबह 10 बजे पंचायत समिति पीपाड़ शहर के सभागार प्रांगण में पीपाड़ शहर के आमजन, गणमान्य व्यक्ति, पंचायत समिति स्टाफ, महिला आंगनवाड़ी स्टाफ और पीपाड़ कस्बे की महिलाओं की उपस्थिति में एएनटीएफ चौकी जोधपुर ग्रामीण द्वारा नशा मुक्ति के संबंध में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला जोधपुर ग्रामीण भोपालसिंह लखावत उपखण्ड अधिकारी पीपाड़ शहर नेमाराम रांयल थानाधिकारी खेताराम सियोल मय स्टाफ एवं एएनटीएफ चौकी जोधपुर ग्रामीण प्रभारी प्रमीत चौहान उप निरीक्षक पुलिस,कानि संतोकराम , रामनिवास विश्वनाथ के साथ अन्य गणमान्य व्यक्तिओं के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत में जोधपुर ग्रामीण मुख्यालय के एडिशनल एस पी लखावत ने ऑपरेशन लक्ष्मण रेखा के बारे में बताया उसके बाद प्रमीत चौहान ने नशे के प्रति जागरूकता अभियान के तहत नशे से दूरी, मानसिक एवं शारीरिक दुष्प्रभाव, रिश्तों में गिरावट, अपनों से दूरी, याददाश्त कमजोरी, आर्थिक स्थिति कमजोर होने के साथ साथ किस प्रकार से नशे से दूरी बनायी जा सकती है के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की द्य कार्यक्रम की अगली कड़ी में मुक्तिवीरो को विद्यार्थियों से रूबरू करवाया गया और अपनी पिछली और वर्तमान जिंदगी के बारे में होने वाले बदलाव को साझा कराया गया द्य इसके बाद एसडीएम साहब द्वारा नशा मुक्ति के बारे में बताया गया । कार्यक्रम में कुल 267 लोगो की भागीदारी रही जिसमे 102 महिलाएं, 132 आमजन एवं गणमान्य व्यक्ति, 33 पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

## वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत मंदिरों में हुई विशेष पूजा-अर्चना

### जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन की कामना के साथ श्रद्धालुओं ने की प्रार्थना



**बालोतरा, ( हुक्मनामा समाचावर )।** राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में संचालित वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के अंतर्गत शनिवार शाम जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर स्थित प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने सिवाना स्थित श्री शनिश्वर जी मंदिर में आयोजित विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने भगवान शनिदेव को तेल अर्पित कर विधि-विधान से पूजा की तथा जिले में सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और जल स्रोतों की निरंतर समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात आयोजित विशेष आरती में भी उन्होंने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं जनप्रतिनिधियों ने जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसकी प्रत्येक बूंद का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के माध्यम से आमजन को जल बचाने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। उपस्थित लोगों से अपने घरों, खेतों और सार्वजनिक स्थलों पर जल के विवेकपूर्ण उपयोग तथा वर्षा जल संग्रहण के उपाय अपनाने का आह्वान किया गया। जिलेभर में आयोजित इन धार्मिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस और अवैध लैब संचालन पर उठे सवाल

# बच्चेदानी ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, निजी अस्पताल पर लापरवाही के आरोप





जोधपुर रेफर की गई महिला ने उपचार के दौरान तोड़ा दम, परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर किया प्रदर्शन

**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** फलोदी शहर के एक निजी अस्पताल में बच्चेदानी (गर्भाशय) निकालने के ऑपरेशन के बाद तबीयत बिगड़ने से एक महिला की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। मामले ने निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली के साथ-साथ सरकारी चिकित्सकों की निजी संस्थानों में सेवाएं देने और क्षेत्र में कथित रूप से संचालित अवैध लैबों को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार कानासरिया निवासी सीमा पत्नी हुकमाराम का 29 मई की रात फलोदी स्थित जेएसके निजी अस्पताल में बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के बाद महिला की तबीयत बिगड़ गई और अत्यधिक रक्तस्राव (ब्लीडिंग) होने लगा। हालत गंभीर होने पर उसे जोधपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे तथा लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतका के शव को अस्पताल के बाहर रखकर धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाइश कर स्थिति को शांत कराया। थानाधिकारी भंवराराम ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है। इस घटना के बाद चिकित्सा विभाग की निगरानी व्यवस्था भी चर्चा में आ गई है। अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला के ऑपरेशन में बाप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में कार्यरत एक निश्चेतना (एनेस्थीसिया) चिकित्सक की भी भूमिका बताई जा रही है। ऐसे में यह प्रश्न उठ रहा है कि क्या राजकीय सेवा में कार्यरत चिकित्सक नियमानुसार निजी अस्पतालों में सेवाएं दे सकते हैं या नहीं। यदि ऐसा हो रहा है तो इसकी अनुमति और विभागीय नियमों की स्थिति क्या है, यह जांच का विषय बन गया है।

वहीं क्षेत्र में कई निजी लैबों के संचालन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

# तेज धूलभरी आंधी और हल्की बारिश से मिली गर्मी से राहत



**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** क्षेत्र में शनिवार को दिनभर उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे, लेकिन शाम करीब 5 बजे मौसम ने अचानक करवट ली। तेज धूलभरी आंधी चलने से जनजीवन कुछ समय के लिए अस्त-व्यस्त हो गया। आंधी के साथ उड़ती धूल के कारण सड़कों पर दृश्यता कम हो गई तथा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी। बाजारों में भी अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला और कई दुकानदारों ने एहतियात के तौर पर अपने प्रतिष्ठानों के शटर बंद कर दिए।

आंधी के बाद क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया और लोगों को नौतपा के पांचवें दिन पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू से काफी राहत मिली। पिछले कई दिनों से लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण आमजन परेशान थे, ऐसे में मौसम में आए इस बदलाव ने लोगों को राहत पहुंचाई।तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर पेड़ धराशायी हो गए, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। कुछ क्षेत्रों में बिजली के पोल और विद्युत तार क्षतिग्रस्त होने की भी सूचना मिली है। इसके चलते शहर एवं आसपास के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत विभाग की टीमें क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत में जुट गई हैं ताकि जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था बहाल की जा सके।

मौसम में आए इस बदलाव के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बच्चे, युवा और बुजुर्ग घरों से बाहर निकलकर ठंडी हवाओं का आनंद लेते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी हुई है तथा कहीं-कहीं तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

आंधी और बारिश से जहां जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ, वहीं गर्मी से मिली राहत ने लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दी।

### ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आयोजित होंगी 'वंदे गंगा' प्रभात फेरियां और रैलियां

**बाड़मेर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान के तहत रविवार (ज्येष्ठ पूर्णिमा) को व्यापक स्तर पर जन-भागीदारी और श्रमदान के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पानी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित होंगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों के सहयोग से 'वंदे गंगा प्रभात फेरी' तथा जागरूकता अभियान रैली निकाली जाएगी। इसके साथ ही युवाओं द्वारा 'वंदे गंगा रैली' और 'साइकिल रैली' का भी आयोजन किया जाएगा। इसी तर्ज पर नगर निकाय स्तर पर भी स्थानीय निवासियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से भव्य प्रभात फेरियों के माध्यम से जल बचाने का संदेश दिया जाएगा।

### वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत वाटरशेड विभाग ने किए विविध जनजागरुकता एवं जल संरक्षण कार्यक्रम

# जल चेतना रैली, जल चौपाल एवं पौधारोपण कार्यक्रमों से जल संरक्षण का दिया संदेश




**जैसलमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा जिले भर में जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं जनजागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत विभिन्न पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान (एमजेएसए) के तहत निर्मित जल संरक्षण संरचनाओं का अवलोकन कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के तहत पंचायत समिति भणियाणा की ग्राम पंचायत मेकूबा, पंचायत समिति सम की ग्राम पंचायत दामोदरा, पंचायत समिति जैसलमेर की ग्राम पंचायत बड़ा बाग, पंचायत समिति नाचना की ग्राम पंचायत छायण, पंचायत समिति फतेहगढ़ की ग्राम पंचायत झिनझिनयाली, पंचायत समिति मोहनगढ़ की ग्राम पंचायत नेहड़ाई तथा पंचायत समिति सांकड़ा की ग्राम पंचायत केलावा में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत निर्मित टांकों, फार्म पॉण्ड, एमपीटी एवं अन्य जल संरक्षण संरचनाओं का अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में जल चेतना रैलियों के माध्यम से ग्रामीणों को जल बचत का संदेश दिया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने जल संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लेते हुए जल शपथ ग्रहण की। साथ ही 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत पौधारोपण एवं उसकी अग्रिम तैयारियों की समीक्षा की गई। विभिन्न स्थानों पर श्रमदान कर जल स्रोतों की साफ-सफाई की गई तथा जल चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण एवं जल संसाधनों के संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की गई।

## भोगीशैल परिक्रमा पीपाड़ शहर में 5 जून से निकलेगी

### महिला पुरुष श्रृद्धालुओं में भारी उत्साह, तैयारियां अंतिम चरण में

**पीपाड़ शहर ( हुक्मनामा समाचार )।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर शहर में आगामी 5 जून से भव्य भोगीशैल परिक्रमा यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस धार्मिक यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं और आयोजन समिति में भारी उत्साह है।यात्रा की तैयारियों को लेकर मंहत खाखीधाम हीरामणीदास महाराज ने धर्म के प्रचार-प्रसार और पुरुषोत्तम मास के धार्मिक महत्त्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने समस्त शहरवासियों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और पुण्य का भागी बनने का आह्वान किया है।आयोजन समिति के अध्यक्ष अनोप सिंह चौहान और राजेश साबु के अनुसार यात्रा का शुभारंभ 5 जून को सुबह 6 बजे राठोलाई नाडी दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से होगी तथा 7 जून को तीसरे प्रहर समापन होगा। वहीं यात्रा का पहला रात्रि पड़ाव जसपाली के पास रहेगा।इस विशाल धार्मिक आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग कमेटियां बनाकर विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।यात्रा की व्यवस्थाओं को मूर्त रूप देने में श्री राम सेवा समिति के अध्यक्ष अनूप चौहान, राजेश साबू, सुखदेव सैनी, प्रकाशचंद्र दवे, बंसीलाल टॉक, कल्याणराम, मनोहरलाल, बंसीलाल लखारा, शंभूलाल, महेश पारीक, श्याम वैष्णव, जुगल किशोर छीपा, संपत छीपा, हरिभाई सोनी और चेतन प्रकाश सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता दिन-रात जुटे हुए हैं। समिति ने आमजन से यात्रा में सपरिवार शामिल होने व धर्म लाभ उठाने की अपील भी की गई है।

## सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की पालना को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित

### उच्च स्तरीय समिति के निर्देशों के अनुपालन हेतु प्रशासन गंभीर



**बालोतरा, ( हुक्मनामा समाचार )।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एवं राजस्थान हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगीत लोढ़ा की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति से प्राप्त दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला मुख्यालय पर बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने की। बैठक में नगर परिषद आयुक्त जय प्रकाश डऊकिया, अधिशाषी अभियंता अखाराम पंवार, रीको एआरएम लालाराम, सीईटीपी बालोतरा अध्यक्ष रूपचंद सालेचा, सीईटीपी बिठूजा उपाध्यक्ष चेलाराम चौधरी, सीईटीपी जसोल से भरत मेहता ने भाग लिया तथा समिति द्वारा जारी निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन, शिकायतों के निस्तारण एवं भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च स्तरीय समिति के निर्देशों की पूर्ण गंभीरता के साथ पालना सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक से पूर्व उपखंड अधिकारी राजेश कुमार और क्षेत्रीय अधिकारी ने संबंधित विषय से जुड़ी प्राप्त शिकायतों का मौके पर पहुंचकर धरातलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वास्तविक स्थिति का आकलन किया गया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही के लिए कार्यवाही करने को कहा। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि समिति द्वारा निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत नगर परिषद की अनूठी पहल, बस स्टैंड पर राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

### भीषण गर्मी से राहत के लिए टेंट, छाया एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था कर आमजन को दी सुविधा



**फलौदी ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान-2026 के तहत शनिवार को नगर परिषद फलौदी द्वारा शेरानाडा बस स्टैंड पर आमजन के लिए ठंडा शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी के दौरान राहगीरों एवं यात्रियों को राहत प्रदान करना रहा।

नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड परिसर में टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था की गई तथा शीतल पेयजल एवं ठंडे शरबत का वितरण किया गया। गर्मी से परेशान यात्रियों, वाहन चालकों एवं आमजन ने इस पहल की सराहना करते हुए नगर परिषद का आभार व्यक्त किया।

नगर परिषद आयुक्त अनिल कुमार विश्नोई ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शेरानाडा बस स्टैंड पर शरबत वितरण, छाया एवं ठंडे पानी की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद भविष्य में भी जनहित से जुड़े ऐसे कार्यों को प्राथमिकता देती रहेगी।

कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आमजन को अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस पहल से बस स्टैंड पर आने-जाने वाले लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली।

राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन का नवम महाधिवेशन

अमृत 2.0 के तहत प्रदेश में चल रहे 11 हजार 560 करोड़ के काम

# ईमानदारी और पारदर्शिता ही सुशासन की पहचान-भजनलाल शर्मा

## भ्रष्ट आचरण के दलदल से दूर रहें कार्मिक, जन सेवा को बनाएं ध्येय



### मुख्यमंत्री ने किया कर्मचारी कल्याण स्मारिका का विमोचन



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को पूरा करने में कार्मिकों की अहम भूमिका है। ईमानदारी और पारदर्शिता से किया गया कार्य ही सुशासन की पहचान बनता है। इसलिए जनता को समय पर सेवाएं देकर कार्य संस्कृति को मजबूत बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि कार्मिक अपनी सेवा में पूर्ण शुचिता को अपनाएं और भ्रष्ट आचरण के दलदल से दूर रहकर जन सेवा के ध्येय को और अधिक मजबूत बनाएं। मुख्यमंत्री शनिवार को जयपुर के आरआईसी में आयोजित राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के नवम महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'न खाऊंगा और न खाने दूंगा' के मूलमंत्र पर चलते हुए हमने 103 अधिकारियों को निलंबित किया है, 6 अफसरों को सेवा से बर्खास्त किया है और 11 भ्रष्ट अधिकारियों की आजीवन पेंशन पर रोक लगाई है। वहीं रिश्वत, ट्रैप, पद का दुरुपयोग, आय से अधिक संपत्ति प्रकरणों के 108 मामलों में अभियोजन स्वीकृति दी है और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत 37 अन्य प्रकरणों में भी कठोर कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और बेहतर नागरिक सुविधाएं शहर की पहचान होती हैं।प्रदेश के शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने में नगरपालिका कर्मचारी सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो हर समय जनता की सेवा में जुटे रहते हैं।उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने पूरे देश में 16वां स्थान प्राप्त किया, वहीं 3 लाख से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में उदयपुर 13वें स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें प्रदेश के शहरों को स्वच्छता में देश में अग्रणी बनाने के लक्ष्य के साथ काम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत मिशन की पहल देश में आज जन आंदोलन बन चुकी है। इस अभियान के माध्यम से लोगों की स्वच्छता की आदतों में बदलाव आया है। वहीं, घर-घर में शौचालय बनवाकर हमारी माता-बहनों के जीवन को एक गरिमा प्रदान की गई है। साथ ही, शहरों में अच्छे बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए स्मार्ट सिटी मिशन प्रारंभ किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में जल संचय-जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सशक्त बनाने के क्रम में राज्य में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसके साथ ही हमारी सरकार ने हरियालो राजस्थान अभियान में अभी तक प्रदेशभर में लगभग 20 करोड़ पौधे लगाए हैं औरइस वर्ष भी 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत प्रदेश में पहली बार चंदन वन भी विकासित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों से ऊर्जा की बचत और मितव्ययिता को अपनाने का आह्वान किया है, जिसमें हम सभी अपना सहयोग दे रहे हैं। मुख्यमंत्री कहा कि राज्य सरकार तकनीक, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ आगे बढ़ते हुए स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहरों के निर्माण के लिए कार्य कर रही है।

## सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

### 27 अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। विभागीय आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव राकेश शर्मा द्वारा जारी आदेशों के तहत विभाग के 27 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण और पदस्थापन किए गए हैं।

यह बदलाव प्रशासनिक कारणों से तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक, जनसंपर्क अधिकारी, सहायक जनसंपर्क अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी तथा वरिष्ठ सहायकों के स्तर पर व्यापक बदलाव किए गए हैं। इस फेरबदल में कई अधिकारियों को मुख्यालय, मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ, राजस्थान संवाद, पुलिस मुख्यालय, सूचना केंद्र तथा विभिन्न विभागों और जिला कार्यालयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। स्थानांतरण सूची में प्रमुख रूप से रजनीश शर्मा को साहित्य शाखा से क्षेत्र प्रचार शाखा, तरुण जैन को मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ, ओटाराम चौधरी को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा विजय खंडेलवाल को मुख्यालय स्थित ईएनजी शाखा में पदस्थापित किया गया है। वहीं पूनम खंडेलवाल को मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ से सोशल मीडिया शाखा और हेत प्रकाश शर्मा को राजस्थान संवाद में जिम्मेदारी दी गई है।



## डोटासरा और टीकाराम जूली ने फारकिया गांव में 120 श्रमिकों के साथ किया कार्य

### सुनीं मजदूरों की समस्याएं

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिकर्ष के नेता टीकाराम जूली ने शनिवार सुबह अजमेर जिले के फारकिया गांव में मनरेगा कार्यस्थल पर श्रमिकों के साथ श्रमदान कर मजदूरों की समस्याएं सुनीं। कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के साथ गांव कानपुरा में रात्रि विश्राम के बाद डोटासरा सुबह फारकिया पहुंचे, जहां उन्होंने करीब 120 मनरेगा श्रमिकों के साथ काम किया और उनके जीवन, संघर्ष तथा आजीविका से जुड़े मुद्दों पर संवाद किया। डोटासरा ने कहा कि श्रमिकों के हाथों के छाले केवल मेहनत का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि देश के निर्माण और विकास की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण मजदूर अपने श्रम से गांव, समाज और देश का भविष्य गढ़ते हैं और उनके योगदान को सम्मान मिलना चाहिए। मनरेगा कार्यस्थल पर महिला श्रमिकों से बातचीत करते हुए डोटासरा ने उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज को कांग्रेस पार्टी हर मंच पर मजबूती से उठाएगी और श्रमिक हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।



भीषण सड़क हादसा

## ट्रक और ऑल्टो की टक्कर, 4 लोगों की मौत

**नागौर (हुक्मनामा समाचार)।** रिंग रोड पर बासनी पुलिया के पास शनिवार को कार और ट्रक की टक्कर में कार सवार 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. बेकाबू ट्रक और ऑल्टो कार की आमने-सामने की टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए. हादसे में कार सवार दो महिलाओं, एक पुरुष और एक बच्चे की मौत हो गई. मृतकों की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है, लेकिन उनके जोधपुर के होने की आशंका जताई जा रही है। सदर थाना एसएचओ सुरेश कंस्वा ने बताया कि हादसे में कार सवार चारों लोगों की मौत हो चुकी है. सभी के शवों को मोर्चरी में रखवाया गया है. मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है, हुलिए और नंबरों के आधार पर उनके जोधपुर निवासी होने की संभावना है।

## अलवर में सवारियों से भरी रोडवेज बस पलटी, कई यात्री हुए घायल

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मपुरा गांव में एक रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पलट गई. दुर्घटना में कई यात्री घायल हो गए. घटना की सूचना पर अकबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अलवर जिला अस्पताल भिजवाया. दुर्घटनाग्रस्त रोडवेज बस अलवर से जयपुर की ओर जा रही थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ प्रियंका रघुवंशी ने बताया कि शनिवार को अकबरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में बस पलटने की सूचना मिली. तुरंत अकबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

प्रदेश में डी–रेग्यूलेशन फेज–1 की मासिक प्रगति रिपोर्ट जारी

# राजस्थान में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' का बढ़ता ग्राफ

## राज निवेश पोर्टल पर एक माह में 6 हजार 103 आवेदनों को त्वरित मंजूरी

आयुष, एग्रो-प्रोसेसिंग, रक्षा और शिक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में भी बढ़ रहा निवेशकों का रूझान

मुख्यसचिव कार्यालय के स्तर से हो रही है 'डी–रेग्यूलेशन फेज–1' की सघन मॉनिटरिंग

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देते हुए 'डी—रेग्यूलेशन फेज—1' के तहत विकसित राजस्थान और राइजिंग राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। राज निवेश पोर्टल एवं निरंतर सुधारात्मक प्रयासों के जरिए प्रदेश एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के तौर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है।

मुख्य सचिव कार्यालय के तहत गठित 'डिरेगुलेशन सेल' द्वारा जारी अप्रैल माह की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में राज निवेश पोर्टल पर 67.7 प्रतिशत की स्वीकृति दर से प्राप्त 9 हजार 10 आवेदनों में से 6 हजार 103 की स्वीकृति के साथ उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इस अवधि के दौरान प्रदेश में जयपुर जिले का प्रदर्शन सबसे अव्वल रहा है।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रक्रियाओं के सरलीकरण, आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे है, जिनके अनवरत सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। राज निवेश पोर्टल के माध्यम से राज्य के प्रमुख निवेश केंद्रों के साथ-साथ छोटे जिलों में भी व्यापक स्तर पर प्रकरणों का निस्तारण और स्वीकृतियां जारी की जा रही हैं। 'इंवेस्टर फ्रैंडली एप्रोच' के साथ सतत संपर्क, समन्वय और विकेन्द्रीकृत क्रियान्वयन की बदौलत राजस्थान 'डी—रेग्यूलेशन फेज—1' में अनवरत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव कार्यालय के अंतर्गत गठित 'डिरेगुलेशन सेल' द्वारा तैयार प्रदेश में निवेश प्रस्तावों के संदर्भ में मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाती है।

**प्रमुख क्षेत्रों में बढ़ा निवेशकों का रूझान**-रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल माह में प्रदेश में आयुष, एग्रो-प्रोसेसिंग, रक्षा और शिक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में भी विभिन्न जिलों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो राजस्थान में क्षेत्रीय विविधीकरण तथा निवेश अवसरों के विस्तार का संकेत है। सेक्टरवाइज प्रगति को देखा जाए तो पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में सर्वाधिक प्रस्तावित निवेश दर्ज किया गया, जिसमें जयपुर, उदयपुर, पाली, राजसमंद, सीकर एवं अन्य जिलों का प्रमुख योगदान रहा। इसके अतिरिक्त अलवर एवं कोटपूतली-बहरोड़ में इंजीनियरिंग, विभिन्न जिलों में नवीकरणीय ऊर्जा, अजमेर एवं भीलवाड़ा में वेस्ट मैनेजमेंट तथा जोधपुर में टेक्सटाइल क्षेत्र में भी निवेश रुचि परिलक्षित हुई।

### प्रमुख शहरी एवं औद्योगिक जिलों की उल्लेखनीय सहभागिता

प्रगति रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल, 2026 में राज्य में कुल आवेदन एवं स्वीकृतियों में जयपुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राज्य स्तरीय प्रगति में राज निवेश पोर्टल पर कुल 9 हजार 10 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 6 हजार 103 आवेदन स्वीकृत किए गए। इस प्रकार माह के दौरान प्रदेश की स्वीकृति दर 67.7 प्रतिशत रही। जिला-वार प्रदर्शन में जयपुर अग्रणी जिला रहा, जहां 1 हजार 932 आवेदन प्राप्त हुए तथा 1 हजार 351 आवेदन स्वीकृत किए गए। इसके अतिरिक्त जोधपुर, सीकर, अजमेर, बीकानेर, कोटा, हनुमानगढ़, अलवर, चूरू और भीलवाड़ा जैसे प्रमुख शहरी एवं औद्योगिक जिलों ने भी राज निवेश पोर्टल पर उल्लेखनीय सहभागिता दर्ज की है। इसके अतिरिक्त प्रमुख जिलों में कोटा और हनुमानगढ़ में उच्च निस्तारण दक्षता प्रदर्शित करते हुए क्रमशः लगभग 83.8 प्रतिशत और 82.5 प्रतिशत की स्वीकृति दर की उपलब्धि हासिल की है। वहीं बारां, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, टोंक, उदयपुर और जालोर जिलों में 70 प्रतिशत से अधिक स्वीकृति दर दर्ज की गई, जो जिलों की प्रशासनिक दक्षता तथा सेवा वितरण में सुधार को रेखांकित करती है।

## डूंगरपुर में पकड़ा गया 1.74 करोड़ का अवैध सोना

**डूंगरपुर।** जिले की पुलिस विभाग की जिला विशेष टीम (डीएसटी) और बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे-48 पर सोने की तस्करी के खिलाफ एक बहुत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान एक कार से 1 किलो 77 ग्राम और 840 मिलीग्राम अवैध सोना जब्त किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सोने की कीमत करीब 1 करोड़ 74 लाख 50 हजार रुपए आंकी जा रही है। पुलिस ने इस मामले में कार सवार तीन युवकों को डिटेन किया है। डूंगरपुर जिले के एसपी मनीष कुमार ने बताया कि डीएसटी को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के बाद एनएच-48 पर स्थित लेहना घाटी में नाकेबंदी की गई थी।

## तीन जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे डीके शिवकुमार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने शनिवार को घोषणा की कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार 3 जून को कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह बेंगलुरु स्थित लोक भवन के ग्लास हाउस में आयोजित किया जाएगा। यह घोषणा शनिवार शाम 4 बजे होने वाली कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक से पहले की गई। पार्टी कार्यालय में आयोजित संयुक्त आपात प्रेस वार्ता में केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद जी. सी. चंद्रशेखर ने कहा कि पार्टी ने समारोह को सादगीपूर्ण रखने और आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने का निर्णय लिया है।

# सराहनीय सेवाओं के लिए 123 पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को मिलेगा डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति रोल



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस मुख्यालय ने अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, प्रशासन, खुफिया कार्यों, साइबर अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा उत्कृष्ट पुलिसिंग में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 123 पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को 'महानिदेशक पुलिस डिस्क एवं प्रशस्ति रोल' प्रदान करने की घोषणा की है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा द्वारा जारी आदेश में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्तर से लेकर कांस्टेबल तक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करने की घोषणा की गई है। पुलिस मुख्यालय के स्थायी आदेश 2/2016 के तहत यह सम्मान विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। चयन समिति की अनुशंसा पर विभिन्न रेंज, जिलों एवं इकाइयों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर इस वर्ष कुल 123 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का चयन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी (एडीजी, आईजी और डीआईजी रैंक) सम्मानित होने वालों में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण एचजीआर सुहास, महानिरीक्षक पुलिस राजेंद्र सिंह (द्वितीय बार), राहुल प्रकाश (तृतीय बार), परिस देशमुख,

उप महानिरीक्षक पुलिस जय यादव (तृतीय बार), मनोज कुमार और शांतनु कुमार सिंह के नाम शामिल हैं, जिन्हें उनकी विशिष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए इस प्रतिष्ठित पदक से नवाजा जा रहा है।

**पुलिस निरीक्षक रैंक :** जमीनी स्तर पर थानों की कमान संभालने वाले और विभिन्न पुलिस विंग्स में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले समर्पित पुलिस निरीक्षकों की सूची में देवेन्द्र सिंह (द्वितीय बार), भुटाराम (द्वितीय बार), विष्णु शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, सरोज बैरवा, चन्द्रभान सिंह, दिनेश सारण, लक्ष्मी कराड़िया, मनोज चौहान, प्रभुनारायण मीणा, पवन कुमार चौबे (द्वितीय बार), रमेश कविया, बलवन्त राम, अशोक बिश्नोई और रमेश चंद आर्य के नाम समाहित हैं।

### पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपायुक्त

फील्ड पुलिसिंग और जिला स्तर पर कप्तानी व कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने वाले अधिकारियों में सुमित मेहरडा, संजीव नैन, विकास सांगवान (तृतीय बार), अमित कुमार (द्वितीय बार), रतन सिंह, तेजस्वनी गौतम (तृतीय बार), बी. आदित्य, हरी शंकर, अनिल कुमार, दिगंत आनन्द (तृतीय बार), विशाल जांगिड और प्रवीण नायक नूनावत (द्वितीय बार) के नाम शामिल हैं, जिन्हें उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमताओं और बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीजीपी डिस्क प्रदान की जा रही है।

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उप अधीक्षक

विधिक अनुसंधान, तकनीकी विंग और विभिन्न महत्वपूर्ण शाखाओं में प्रभावी कार्य करने वाले अधिकारियों में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त योगेश दाधीच, डॉ. राजीव पचार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार सिंघल (द्वितीय बार), ललित किशोर शर्मा (द्वितीय बार), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीक्षा कामरा (तृतीय बार), अदिति कॉवत, भंवरलाल और सौरभ तिवारी के नाम शामिल हैं। इनके साथ ही सहायक पुलिस अधीक्षक अजेय सिंह राठौड, पंकज यादव, हरिशंकर शर्मा, सोन चन्द वर्मा, सहायक निदेशक अभियोजन भंवर कुलदीप राठौड, पुलिस उप अधीक्षक और वृत्ताधिकारी के रूप में डॉ0 पूनम, मनीष शर्मा, हर्षराज सिंह और राजावत प्रेम कुमार को भी इस सम्मान के लिए चुना गया है।



## विनेश फोगाट ने करीबी मुकाबले में निशु को 7-6 से हराया

**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट ने शनिवार को नई दिल्ली में एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। विनेश ने एक कड़े क्वार्टरफाइनल में निशु को 7-6 से हराया। विश्व चैंपियनशिप की पूर्व पदक विजेता को अपने क्वार्टरफाइनल में निशु के रूप में एक ज्यादा कड़े प्रतिद्वंद्वी का सामना करना पड़ा। अपने पहले मैच के विपरीत, यह मुकाबला शुरू से आखिर तक कांटे का रहा।

## राजस्थान-किसानों ने रेलवे ट्रैक रोका, गेहूं खरीद को लेकर आंदोलन

**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा में शनिवार को किसानों का आंदोलन उग्र हो गया। हजारों किसान करीब एक घंटे तक बीकानेर-हनुमानगढ़ ट्रैक पर बैठे रहे। दोपहर में प्रशासन से सहमति के बाद किसानों ने आंदोलन स्थगित कर दिया। दरअसल, गेहूं खरीद की तारीख बढ़ाने और लक्ष्य बढ़ाने की मांग को लेकर 2 दिन से किसान आंदोलन पर थे। वे उपखंड अधिकारी ऑफिस के बाहर धरने पर बैठ गए थे।